हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 268, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 31 मार्च, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

मुख्तार अंसारी सुपुर्दे-ए खाक

जनाजे में उमड़ा जनसैलाब, बेटे ने अलविदा कहने से पहले मूछों पर आखिरी बार दिया ताव

गाजीपुर। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने अंतिम विदाई से पहले पिता के मूछों पर ताव दिया। बांदा मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उसके शव को शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 4:43 बजे गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम और एंबुलेंस सहित 21 गाड़ियों के साथ बांदा से गाजीपुर की दूरी करीब 8.32 घंटे में तय हुई।

मुख्तार अंसारी की मौत गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में हार्टअटैक से हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, फिर शव परिजनों के सुपुर्द करके करीब 4.43 बजे एंबुलेंस से गाजीपुर के लिए भेजा गया था। शव वाहन बांदा से फतेहपुर, कौशांबी, प्रयागराज और भदोही होते हुए रात करीब 10.32 बजे वाराणसी पहुंचा, फिर गाजीपुर रवाना हो गया। मुख्तार के छोटे बेटे उमर अंसारी और बड़ी बहू निकहत अंसारी बांदा से शव वाहन के साथ आए। माफिया

मुख्तार अंसारी को सुपुर्दे-ए खाक करने के लिए उसके घर से करीब 400 मीटर दूर पुस्तैनी कब्रिस्तान में कब्र खोदी गई, जो 7.6 फीट लंबी और पांच फीट गहरी और चौड़ी है। यह कब्र उसके मां-बाप की कब्र से पांच फीट नीचे (पैर की तरफ) बनाई गई है, जिन्हें खोदने वाले तीन हिंदू मजदूर बुलाए गए। हालांकि उनका कहना था कि मुख्तार अंसारी के परिवार से जिन लोगों का इंतकाल होता है उनके लिए वे पहले से ही कब्र खोदने के लिए आते हैं। इस कब्रिस्तान में अब तक मुख्तार के परिवार से पिता सुबहानल्ला अंसारी और उनकी पत्नी का कब्र अगल-बगल बनाया गया है, जबकि उनके पूर्वजों की कब्र बगल में है। मुख्तार अंसारी की कब्र को उनके कब्र से पांच फीट नीचे सुबह साढ़े सात बजे बनाने का काम शुरू हुआ। यह कार्य उनके भतीजे शोहेब अंसारी की निगरानी में हुई, जिसके लिए तीन हिंदू मजदूर नगीना, संजय और गिरधारी को बुलाया गया। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग मौजूद हुए।

इस दौरान भीड़ अधिक होने के चलते लोगों को कब्रिस्तान के बाहर रोक दिया गया। अंदर 50 लोगों को जाने की अनुमति दिए जाने की जानकारी मिल रही है। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ही गाजीपुर जिले में चप्पे- चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। शुक्रवार की आधी रात के बाद शव घर पहुंचा तो लोगों की भीड़ अंतिम दर्शन के लिए व्याकूल दिखी। वहीं मुख्तार के आवास के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर भीड़ को नियंत्रित किया गया था। सुबह से लोगों की भीड़ फिर से जुटने लगी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कभी गरीबों के लिए मसीहा बन चुके पूर्वांचल के माफिया डॉन की मौत से उसके समर्थकों में मातम पसरा है।

वहीं शनिवार को मुख्तार का जनाजा निकला तो लोग अपने-अपने छतों और घर के बाहर खड़े होकर देखते नजर आए। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में इस पल को कैद किया। हर तरफ लोगों का जमावड़ा देखने को मिला। मुख्तार अंसारी के जनाजे में पांच हजार से अधिक लोग शामिल हुए। मुख्तार अंसारी का जनाजा कब्रिस्तान के अंदर गया तो बाहर पांच हजार से अधिक की संख्या में खड़े लोगों की निगाहें अंतिम समय दीदार को व्याकूल दिखीं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह पुलिस प्रशासन अलर्ट रही। ड्रोन से मौके की निगरानी की गई। मुख्तार अंसारी का शव कड़ी सुरक्षा के बीच दफनाया गया। इस दौरान भीड़ बेकाबू होने पर पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मुख्तार के कब्र पर मिट्टी डालने के लिए लोग बेताब रहे। परिवार वालों के समझाने पर भी युवाओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी।

नरसिंह राव-चरण सिंह समेत चार विभूतियों को मिला भारत रत्न, आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भारत सरकार द्वारा चयनित पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व पीएम नरसिंह राव, बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया है। बताया गया है कि पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी खराब स्वास्थ्य के कारण भारत रत्न लेने नहीं पहुंच सके। ऐसे में राष्ट्रपति ने बाकी चार विभूतियों को कार्यक्रम में भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया। जहां चौधरी चरण सिंह का भारत रत्न लेने के लिए उनके पोते जयंत सिंह पहुंचे, वहीं नरसिंह राव का भारत रत्न पीवी प्रभाकर राव पहुंचे। 2020 से 2023 तक किसी को भी भारत रत्न नहीं दिया गया था, लेकिन 2024 के लिए केंद्र सरकार ने इन पांच विभूतियों को चुना। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में केवल उप राष्ट्रपति लाल कृष्ण अडवानी को छोड़कर अन्य चार विभूतियों को

मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान दिया गया। पूर्व पीएम नरसिंह राव को भारत रत्न से सम्मानित करने के फैसले पर उनके पोते एनवी सुभाष ने केंद्र सरकार की सराहना की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, "नरसिंह राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। चाहे आंध्र प्रदेश के लिए हो या केंद्र के लिए उन्होंने कई बार साहसिक कदम उठाया। जब वह प्रधानमंत्री बने उस समय स्थिति बहुत खराब थी। जब कांग्रेस पार्टी 2004 से 2014 तक सत्ता में रही तब न तो पार्टी ने और न ही गांधी परिवार ने उनके योगदानों को कभी याद किया। पीएम मोदी ने उनके योगदानों को याद रखा और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया।" नरसिंह राव आठ बार चुनाव जीते। उन्हें राजनीति का चाणक्य कहा जाता था। कांग्रेस पार्टी में 50 साल बीताने के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। राव करीबन 10 अलग-अलग भाषाओं में बात कर सकते थे। वह अनुवाद में भी उस्ताद माने जाते थे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में पूर्व पीएम नरसिंह राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव भारत रत्न लेने पहुंचें। मेरठ जिले के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में जन्में चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। साल 1929 में मेरठ वापस आने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। बता दें कि चौधरी चरण सिंह की तरफ से उनके पोते जयंत सिंह भारत रत्न लेने राष्ट्रपति भवन पहुंचें। चौधरी चरण सिंह के पोते ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, "मैं बता नहीं सकता कि मैं कितना खुश हूं। वहां बैठकर धीरे-धीरे इस पल की अहमियत का एहसास होता है। भारत सरकार ने यह फैसला (चरण सिंह को भारत रत्न देने का फैसला) लिया है।

कांग्रेस का आरोप- देश का लोकतंत्र खत्म कर रही भाजपा, पांच मुद्दों को लेकर रैली में भरेंगे हुंकार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही हैं, वैसे वैसे विपक्ष भी सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर हमलावर हो रहा है। बता दें कि

इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया है। 31 मार्च को महारैली आयोजित की गई है, जिसमें विपक्षी दलों के तमाम नेता शामिल होंगे। इस रैली को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है कि चार पांच मुद्दों को लेकर इसका आयोजन हो रहा है। इन मुद्दों में उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे को प्रमुखता से रखा है। इसके साथ ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मामला भी रैली में उठाया जाएगा। बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने 31 जनवरी को जमीन घोटाले से संबंधित एक मामले में गिरफ्तार किया था। झारखंड के सीएम चंपई सोरेन भी कल की रैली में मौजूद रहेंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा ने जिन लोगों को निशाना बनाया है, हमें उन्हें बिल्कुल भी नहीं भूलना चाहिए। दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि गठबंधन की कल 'लोकतंत्र बचाओ रैली' होने जा रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने में लगी है। उन्होंने कहा कि देश में किसान आंदोलन कर रहे, युवा परेशान हैं, पेपर लीक हो रहे हैं, बलात्कार पीड़ित महिलाओं के आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इन सभी मुद्दों को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान उठाया तो विपक्षी एकता को तोड़ने के लिए विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार किया गया।

हेमा मालिनी के सामने बॉक्सर विजेंदर सिंह लड़ेंगे मथुरा से चुनाव, कांग्रेस ने दिया टिकट

मथुरा। मथुरा लोकसभा सीट से अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला काफी रोमांचक बना दिया है। यहां दो बार की सांसद हेमा मालिनी से बॉक्सर विजेंदर सिंह की सीधी टक्कर होगी। जाट बाहुल्य सीट पर कांग्रेस ने जाट कार्ड खेल कर इस चुनाव में कांग्रेस ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा ने मथुरा से दो बार की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां से रालोद का साथ भी उन्हें मिला हुआ है। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे चार जून को आ जाएंगे। भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों यानी 2014 और 2019 मथुरा लोकसभा से जीत हासिल की थी। साल 2019 हेमा मालिनी को टक्कर देने के लिए 12 अन्य उम्मीदवार मैदान में थे। कांग्रेस ने महेश पाठक, राष्ट्रीय लोक दल ने कुंवर नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र जनताराज पार्टी ने ओम प्रकाश को मैदान में उतारा था। मगर हेमा मालिनी ने जोरदार जीत हासिल की थी। वहीं साल 2014 में भी हेमा मालिनी ने यहां जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने मथुरा लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी को उतारा है।

अंतरिक्ष में भारत जो कर रहा वो हैरान करने वाला यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

पेरिस। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसफ ऐशबैकर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की तारीफ की। उन्होंने हाल ही में सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो को सराहा। ऐशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष रूप से चंद्रमा पर भारत को मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली हैं। बता दें, पेरिस में ईएसए की 323वीं परिषद की बैठक हुई थी। इसकी मेजबानी करने के बाद ऐशबैकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर इसरो की प्रशंसा की। इस बैठक में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भी भाग लिया था। ईएसए सदस्य राज्यों ने 26 और 27 मार्च को ईएसए परिषद के 323वें सत्र के लिए पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान यूरोपियन वैज्ञानिकों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संबंधों को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के महत्व

को कम करके नहीं आंका जा सकता है। जोसफ ऐशबैकर ने कहा, 'भारत अंतरिक्ष में जो हासिल कर रहा है, खासकर चंद्रमा के क्षेत्र में, वह हैरान करने वाला है। हमने आज ईएसए परिषद में इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ की मेजबानी की। प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो सहयोग के लिए वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के बारे में अधिक जानने के लिए यह महत्वपूर्ण बैठक थी।' उन्होंने आगे कहा, 'अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ संबंधों को मजबूत करने और सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता है।' वहीं, अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेस्केट ने कहा, 'पेरिस में इसरो अध्यक्ष सोमनाथ और हमारे महानिदेशक ऐशबैकर का स्वागत करके हम बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं। इस बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच उत्साही बातचीत हुई।' भारत साल 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान -3 की सफल लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल 1 के प्रक्षेपण के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया।

बाइडन का दावा, जी20 में जिस भी देश के नेता से मिले सभी ने कहा- डोनाल्ड ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते

वॉशिंगटन। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इस पद के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच वार-पलटवार का दौर जारी है। अब बाइडन ने दावा किया है कि भारत में हुए जी20 समेत कई बैठकों में दुनियाभर के नेताओं ने उनका समर्थन किया है। साथ ही उनसे यह भी कहा कि वह आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने दे सकते हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रपति बाइडन ने न्यूयॉर्क में अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि विश्व के नेता हमेशा कहते हैं कि उनका लोकतंत्र दांव पर है। उन्होंने कहा, 'भारत में जी20 बैठक हो या किसी अन्य देश में हुई बैठक, जब भी दुनिया भर के नेता जुटते हैं तो वो यही कहते हैं कि आप उन्हें (ट्रंप) जीतने नहीं देंगे।' उन्होंने कहा, 'आपको लग रहा होगा कि मैं बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा हूं, पर ऐसा नहीं है। मैं बिना नाम लिए पत्रकारों को बता सकता हूं कि करीब सभी देशों के नेता मुझसे यह बात कह चुके हैं। दुनिया भर से आए नेता मुझसे हाथ मिलाते हुए कहते हैं कि देश का लोकतंत्र दांव पर है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं यही कहूंगा कि यह एक अतिशयोक्ति नहीं है। इसके बारे में सोचिए। यह एक ऐसा शख्स है, जो नाटो से दूर हो गया है।' राष्ट्रपति बाइडन ने ट्रंप के उस अपने बयान पर भी प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया है कि वह रूस को उन देशों के साथ जो कुछ भी करना चाहता है उसे करने के लिए प्रोत्साहित करेगा जो रक्षा पर अपने सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत खर्च नहीं करते हैं। बाइडन ने कहा, 'बस आप देखो कि उन्होंने क्या किया है। बाकी दुनिया सोच रही है कि अमेरिका के साथ क्या हो रहा है। हालांकि वह राहत महसूस कर रहे हैं, इसलिए नहीं कि मैं बहुत खास हूं, बल्कि इसलिए कि मैं ट्रंप नहीं हूं। मैं गंभीर हूं। काश ऐसा इसलिए ही होता क्योंकि उन्हें लगता कि बाइडन इतने गंभीर व्यक्ति हैं।'

डाटा सुरक्षा के लिए भारत में कानूनी ढांचा मौजूद, बिल गेट्स के साथ इंटरव्यू में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डाटा सुरक्षा की चिंता एक अहम मुद्दा है और भारत में इसके लिए एक कानूनी ढांचा मौजूद है। हालांकि, इसके लिए सार्वजनिक जागरूकता भी उतना ही महत्वपूर्ण है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि वह एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करना चाहते हैं, जिसमें लोगों के जीवन से किसी भी अनावश्यक सरकारी हस्तक्षेप को समाप्त कर दिया जाए। गेट्स के एक सवाल पर मोदी ने कहा, मैं प्रौद्योगिकी के प्रति आकर्षित हूं, लेकिन इसका गुलाम नहीं हूं। मैं विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन प्रौद्योगिकी के प्रति मुझमें बच्चों जैसी जिज्ञासा है। पीएम ने कहा कि जिन गरीबों को वास्तव में सरकारी सहायता की आवश्यकता है, उन्हें आसानी से सरकारी सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। मोदी ने भारत में डिजिटल क्षेत्र में किसी भी एकाधिकार को खत्म करने का श्रेय 'प्रौद्योगिकी के लोकतंत्र' को दिया और कहा कि यह सभी को समान अवसर देता है। यह जनता के द्वारा और जनता के लिए है। उन्होंने कहा, हम यह

सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि समुदाय के भीतर से उभरती प्रतिभाएं लगातार योगदान दे सकें। वह लोगों के बीच प्रौद्योगिकी में विश्वास को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि प्रौद्योगिकी पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और इसे आम लोगों द्वारा संचालित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दुनिया में डिजिटल विभाजन के बारे में सुनते थे। तभी उन्होंने फैसला किया था कि वह भारत में ऐसा नहीं होने देंगे। पीएम ने कहा, जब मैं दुनिया में डिजिटल विभाजन के बारे में सुनता था, तो कहता था कि मैं अपने देश में ऐसा नहीं होने दूंगा। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी जरूरत है। आज मैं गांवों में डिजिटल सुविधाएं लाना चाहता हूं। 'डिजिटल सरकार' की सराहना करते हुए गेट्स ने कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपना रहा है, बल्कि वास्तव में आगे बढ़ रहा है। कुछ डिजिटल प्रणालियां बिचौलियों से छुटकारा दिला रही हैं। यह बहुत फायदेमंद है। मोदी ने गेट्स बताया कि कैसे भारत ने लोगों को कोविड टीकाकरण का स्लॉट और प्रमाणपत्र देने के लिए कोविन प्लेटफॉर्म का उपयोग किया, जबकि दुनिया के अन्य देश महामारी के दौरान ऐसा करने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

सीएए के समर्थन पर शहाबुद्दीन को जान से मारने की धमकी, फोन पर युवक बोला- बरेली से उठवा लूंगा

बरेली। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी को जान से मारने की धमकी मिली है। मौलाना का आरोप है कि सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) का समर्थन करने पर शहनवाज नाम के युवक ने फोन पर धमकी दी है। उसने धमकी भरा ईमेल भी किया है। शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। मौलाना के मुताबिक 23 मार्च की रात उनके फोन पर कॉल आया। कॉल करने वालेने अपना नाम शहनवाज निवासी लखनऊ बताया। उसने कहा कि तुम मुसलमानों के नेता बनते हो और भाजपा की हिमायत में बात करते हो। सीएए का समर्थन करते हो। समाजवादी पार्टी का विरोध करते हो। जब मौलाना ने उसे समझाया तो उसने कॉल काट दिया। इसके बाद दोबारा कॉल किया। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा से अखबार या चैनल पर बयान दिया तो बरेली से उठवा लूंगा। मेरी पहुंच अंडरवर्ल्ड तक है। कॉल करने वाले ने मौलाना की मेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज भी भेजा है। धमकी के बाद मौलाना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि ये देश विरोधी कट्टरपंथी विचारधारा के लोग कभी भी कोई संगीन वारदात कर

सकते हैं। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सीएए लागू होने पर कहा था कि मुसलमानों को इस कानून से घबराने की जरूरत नहीं। यह नागरिकता देता है, छीनता नहीं है। इस कानून को लेकर मुसलमानों के बीच जो भी गलतफहमियां थीं, वे काफी दूर हो गई हैं। यह कानून उन लोगों के लिए है, जो गैर मुस्लिम पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान से भारत आए और यहां वर्षों से रह रहे हैं।

संपादकीय

शुचिता के सवाल

चर्चित कहावत रही है कि प्रेम व युद्ध में सब कुछ जायज मान लिया जाता है। अब इसमें राजनीति को भी शामिल मान लिया गया है। सत्ता के समीकरणों के लिये राजनीति की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद शुचिता का प्रमाणन हो ही जाता है। फिर एक विज्ञापन की तर्ज पर कहा जाता है कि ये दाग अच्छे हैं। ये स्थिति हाल-फिलहाल ही नहीं, देश के राजनीतिक परिदृश्य में दशकों से जारी रही है। राजनीतिक सुविधा के हिसाब से गुण-दोषों की व्याख्या की जाती रही है। कहावत भी है- समरथ को नहीं दोष गुसांईं। जैसे सबल व्यक्ति के दोषों को भी गुणों की तरह दशार्या जाता है, वैसे ही राजनीति की मुख्यधारा में भी अवगुणों को गुण रूप में दशार्ने का विमर्श वक्त की हकीकत है। हाल फिलहाल के दौर में कई राजनेताओं के हृदय परिवर्तन और दल बदलने पर शुचिता के जुमले आम हैं। विपक्षी दल ऐसा ही कुछ सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने के आठ माह बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल से जुड़े एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट लगने के बाद कह रहे हैं। उनके अक्सर आरोप होते हैं कि राजनीतिक भयादोहन के लिये सरकारी एजेंसियों का उपयोग किया जाता रहा है। दरअसल, प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय मामले में विसंगतियों के खिलाफ सीबीआई ने रिपोर्ट दर्ज की थी। उल्लेखनीय है कि अजित पवार वाला एनसीपी घटक कुछ माह पूर्व राजग में शामिल हो गया थी। दरअसल, एयर इंडिया व इंडियन एयरलाइन्स विलय के समय प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के पद पर थे। उसी दौरान एक मामले में उनके क्रियाकलापों को संदिग्ध बताया गया था। तब इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय ने भी उनसे पूछताछ की थी। उन पर मुनाफे वाले रूट्स के जरिये अपने एक मित्र को लाभ पहुंचाने का आरोप लगा था। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की एक अदालत एक मामले में क्लोजर रिपोर्ट पर अगले माह के मध्य में विचार करेगी। वहीं दूसरी ओर कर्नाटक में माइनिंग किंग के नाम से चर्चित जनार्दन रेड्डी की भाजपा में वापसी भी चचाओं में है। कहा जा रहा है कि यह प्रसंग राजग के अबकी बार,चार सौ पार की मुहिम का हिस्सा है। रेड्डी का इतिहास खासा विवादों में रहा है और उन्हें खनन की दुनिया का बड़ा खिलाड़ी कहा जाता है। उनका नाम एक बड़े अयस्क कदाचार मामले में जोड़ा जाता रहा है। इसके अलावा कई अन्य मामलों के चलते भाजपा ने कालांतर उनसे दूरी बना ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले कल्याण राज्य प्रगति पक्ष पार्टी बनाकर वे खुद भी विधानसभा पहुंचे थे और उनके भाई व अन्य पारिवारिक सदस्यों ने अच्छे-खासे वोट अपने इलाके में हासिल किये थे। अब जबकि राज्य में कांग्रेस सत्ता में है तो भाजपा ने जनाधार बढ़ाने के लिये रेड्डी की पार्टी में वापसी की राह सुनिश्चित की है। हालांकि, एक समय रेड्डी से बात करने से भी पार्टी के बड़े नेता कतराते थे, अब वे ही माइन्स किंग की वापसी को सुखद बता रहे हैं। उनकी अपनी-अपनी दलीलें हैं। यहां तक कि रेड्डी की पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात हुई है। इस पर जनार्दन रेड्डी की दलील है कि उनका तो पार्टी में ही जन्म हुआ है, यह तो घर वापसी हुई है। राजनीतिक पंडित बता रहे हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में न केवल जनार्दन रेड्डी विधानसभा के लिये चुने गए थे बल्कि बेल्लारी विधानसभा सीट से भी उनकी पत्नी को एकमुश्त वोट मिले थे। इसके अलावा उनकी पार्टी के कई नेताओं को भी ठीक-ठाक वोट मिले थे। जाहिर है रेड्डी के पार्टी से बाहर रहने को भाजपा अपने वोट बैंक में बिखराव के तौर पर देख रही थी। दरअसल, जनार्दन रेड्डी बेल्लारी, कोप्पल व रायचूर लोकसभा क्षेत्रों में खासा प्रभाव रखते हैं। यही वजह है कि दागों को नजरअंदाज करते हुए उनकी वापसी हुई है। वैसे जनार्दन रेड्डी कभी बेल्लारी से चुनाव लड़ने वाली सुषमा स्वराज के करीबी लोगों के रूप में जाने जाते रहे हैं। वहीं येदियुरप्पा सरकार बनाने के दौर में आपरेशन लोटस में उनकी बड़ी भूमिका बतायी जाती रही है।

खुदकुशी के परिसर, उम्मीदों के दबाव में दम तोड़ रहे हैं प्रतियोगी छात्र-छात्राएं

तमाम कोशिशों के बावजूद अगर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की खुदकुशी का सिलसिला रुक नहीं पा रहा, तो इस पर समन्वित रूप से विचार-विमर्श की जरूरत है। ऐसी ज्यादातर घटनाएं राजस्थान के कोटा शहर से ही दर्ज होती हैं। दो दिन पहले राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट की तैयारी कर रही एक उन्नीस साल की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। उससे एक दिन पहले एक अन्य छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। पिछले तीन महीने में इस तरह सात विद्यार्थी अपनी जान गंवा चुके हैं। आत्महत्या के बढ़ते मामलों के मद्देनजर पिछले वर्ष राज्य सरकार ने कोटा में चल रहे कोचिंग संस्थानों को निर्देश दिया था कि वे साप्ताहिक परीक्षणों में कड़ाई न करें। पिछले वर्ष कोटा में छब्बीस छात्रों ने खुदकुशी कर ली थी। इन तमाम मामलों के अध्ययन से जाहिर है कि विद्यार्थी पढ़ाई के दबाव और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरे न उतर पाने के भय से फंदे पर लटक जाते हैं। कोचिंग देने वाले संस्थानों के पढ़ाने-लिखाने के तरीके से भी उनमें मनोचाप पैदा होता है। युवाओं में विफलता के भय, आत्मविश्वास की कमी आदि को लेकर बहुत बातें होती रही हैं। इसमें अभिभावकों की महत्त्वाकांक्षा और सफलता के सपने वगैरह को लेकर भी अनेक मनोसामाजिक विश्लेषण हो चुके हैं। मगर फिर भी इस समस्या से पार पाने का कोई व्यावहारिक रास्ता नहीं निकल पा रहा है, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर कमी कहां है। यह ठीक है कि जनसंख्या अधिक और अवसर कम होने के कारण प्रतियोगिता दिन पर दिन कठिन होती जा रही है, मगर शिक्षा का ऐसा तरीका क्यों नहीं विकसित किया जा सका है, जो विद्यार्थियों को सहज और सामान्य ढंग से पढ़ाई का वातावरण दे सके। इसमें जितने जिम्मेदार अभिभावक हैं, उससे कम उन कोचिंग संस्थानों को नहीं माना जाना चाहिए। फिर, कोटा में ही ऐसी मौतें सबसे ज्यादा क्यों हो रही हैं, इसका भी पता लगाया जाना और उन वजहों को खत्म करने का प्रयास होना चाहिए। ऐसी शिक्षा का भला क्या मोल, जो विद्यार्थी को आत्मविश्वास से भरने के बजाय उसे आत्महंता बनाए।

मोदी की गारंटी का मुकाबला कर सकता है साइकिल की वारंटी वाला प्रत्याशी

जौनपुर। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सियासी दल अपने हिसाब से राजनीति की बिसात बिछाने में लगे हुए हैं। 10 साल तक देश की सत्ता में मजबूती से शासन करने वाली भारतीय जनता पार्टी देश के सभी प्रदेशों में टिकट बांटने में जितने गंभीरता नहीं दिखाई उससे अधिक गंभीर उत्तर प्रदेश और बिहार में है। आखिर रहे भी क्यों ना? दिल्ली की सत्ता का रास्ता बिहार और उत्तर प्रदेश से ही होकर गुजरता है। टिकट बंटवारा को लेकर एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों दलों के कार्यकताओं और समर्थकों में आक्रोश दिख रहा है। यह स्वाभाविक भी है । कोई भी दल सभी को

मछलीशहर लोकसभा का मुकाबला होगा दिलचस्प

संतुष्ट नहीं कर सकते और यह भी सही है की टिकट बांटने वाले दल भी जरूरी नहीं है की सही प्रत्याशी को टिकट दें। पिछले 10 सालों से चुनाव संख्याबल का खेल बन गया है। इस संख्या को जुटाने के लिए सभी दल अपने अपने ढंग से साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। प्रदेश में राम लहर और मोदी की गारंटी के बीच सपा को भी साइकिल की सीट पर मजबूत, युवा प्रत्याशी के साथ-साथ वारंटी वाला प्रत्याशी उतरना होगा तभी वह दिल्ली की सवारी कर सकता है।

हम बात कर रहे हैं जौनपुर जिले के मछली शहर सुरक्षित सीट की। इस सुरक्षित सीट पर अनुसूचित जाति के सोनकर और सरोज के बीच टिकट का बंटवारा माना जाता है। इस लोकसभा में यही दो जातियां चुनाव लड़ने में शिक्षा और धनबल के साथ खड़ी रहती है। अगर हम बात करें सत्ता दल भाजपा की तो यहां से वर्तमान सांसद बीपी सरोज है। अभी तक इनका टिकट रोके रहने के दो कारण हो सकते हैं। पहले जिला स्तर की इकाई उन्हें दोबारा रिपीट नहीं होने देना चाहती दूसरा यह कि भाजपा यह देखना चाह रही कि सपा किस जाति के प्रत्याशी को उतारती है। भाजपा की कतार में बीपी सरोज के अलावा विधायक टीराम, विद्यासागर सोनकर, डॉ विजय सोनकर शास्त्री, जगदीश सोनकर, अपराजिता सोनकर, गुलाब सरोज के समर्थक अपने-अपने तरह से पार्टी हाईकमान तक बात पहुंचा रहे हैं। दूसरी ओर प्रदेश में मजबूती के साथ दावेदारी पेश करने वाली समाजवादी पार्टी की गणित यहां समझ से परे हैं। समाजवादी पार्टी की पहली सूची में ही मछली शहर विधायक डॉक्टर रागिनी सोनकर का नाम था । वह मनोयोग से लगातार क्षेत्र में जनता के बीच थी। मगर पहली सूची से छठवीं सूची जारी हो गई। हर बार उन्हीं के नाम की चर्चा सोशल मीडिया पर रहती थी, लेकिन सपा मुखिया ने उनके नाम की घोषणा नहीं की। डॉ रागिनी सोनकर सपा मुखिया और सांसद डिंपल यादव की करीबी मानी जाती है। इसका मुख्य कारण उनका विधानसभा में अच्छे और गंभीर ढंग से सवालों की बौछार कर सत्ता दल के छक्के छुड़ाना है। डॉ रागिनी सोनकर सिर्फ मछली शहर विधानसभा की नहीं बल्कि पूरे जौनपुर जिले से लेकर प्रदेश स्तर के मामले को उठाकर लगातार सरकार को सदन में घेरती है। सत्र जितने भी दिन चलता है लोग उनके सवालों का इंतजार करते रहते हैं। कई बार तो सत्ता दल में भी उनके सवालों पर प्रशंसा की। इस कारण वह सपा मुखिया और सांसद डिंपल यादव की चहेती बन गई। हालांकि उनका टिकट अगर पहले घोषित हो जाता है तब भारतीय जनता पार्टी का कोई भी प्रत्याशी होता उनके सामने टिकने में कतराता। स्थानीय जनता का मानना है कि अभी तक विधानसभा में इतना अधिक समस्याओं को उठाने वाला जिले का कोई भी विधायक नहीं था। साथ ही उनका घर -घर जाकर प्रचार करने का अंदाज भी लोगों को भावुक कर देता है और लोगों को अपनापन महसूस होने लगता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सपा की टक्कर भाजपा से है और डॉक्टर रागिनी सोनकर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आत्मविश्वास के साथ खड़ी हैं। अगर उन्हें टिकट मिला तो वह लोकसभा में सपा को मिलने वाली सीट में एक और सीट का इजाफा करेंगी। पेशे से डॉक्टर रागिनी सोनकर के पिता कैलाश सोनकर अजगरा से विधायक रह चुके हैं। वह मूलतः वाराणसी की रहने वाली है उनके पिता का प्रभाव वाराणसी से सटी पिंडरा विधानसभा में भी अच्छा खासा है। समाजवादी पार्टी के दूसरे प्रत्याशी के साथ एक नेगेटिव पहलू

यह है कि पीडीए का नारा होने के कारण उन्हें सवर्ण वोट मिलने से रहा। मगर रागिनी सोनकर की लोकप्रियता और संबंध पीडीए के साथ सवर्णों में भी है। इसका लाभ समाजवादी पार्टी को मिल सकता है। सपा में रागिनी सोनकर के अतिरिक्त केराकत विधायक तूफानी सरोज, उनकी बेटी प्रिया सरोज, दीपचंद राम, कृपा शंकर सरोज और संजय सरोज है। पिछली बार बसपा के साथ सपा का गठबंधन होने के चलते भाजपा प्रत्याशी मात्र 181 वोट से विजयी घोषित हुआ था। इस बार बसपा डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ को ही अपना प्रत्याशी बन सकती है।

अगर दो-तीन दिन के अंदर टिकट की घोषणा नहीं हुई तो यहां भी रामपुर और मुरादाबाद जैसी घटनाएं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समाजवादी पार्टी में देखने को मिलेगी। देर से टिकट जारी होने पर प्रत्याशी चुनाव में खर्च करने पर भी कतराने लगेंगे। सपा के कुछ प्रत्याशियों का मानना है की टिकट मिला तो केवल औपचारिकता ही होगी। भाजपा सत्ता दल है उसे कोई दिक्कत नहीं है हम लोग क्यों पैसा खर्च करें इतना? कम समय में ज्यादा मेहनत करना बुद्धिमानी नहीं है।

मछलीशहर में इस बार वोट का खेल द्विपक्षीय होने की उम्मीद है, क्योंकि यहां से भी बड़े नाम विवादित रहें है। कही ये बड़े नाम क्षेत्र से नदारद रहें है तो कही काम न करने के कारण जनता के निशाने पर है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि भाजपा का प्रत्याशी चाहे जो भी हो वहां नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ा जाता है। प्रत्याशी पर ज्यादा वोट जुटाने का लोड नहीं होता। मगर समाजवादी पार्टी के साथ ऐसा नहीं है।पार्टी प्रत्याशी को यादव, मुस्लिम वोट के साथ अन्य जातियों के भी वोट को अपने पक्ष में करने में कशमकश करनी होगी जो काफी मुश्किल भरा काम है।

कुछ लोगों का मानना है कि इस बार यहां राजनीति का खेल अनूठा हो सकता है। हो सकता है भाजपा और समाजवादी पार्टी दोनों के प्रत्याशी एक ही जाति के हों। अब आगे देखना है की दोनों दलों की रणनीति क्या होती है? चुनावी समर में कौन बाजी मारता है। यहां हम बसपा प्रत्याशी की बात इसलिए नहीं कर रहे हैं कि बसपा ने इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश में हराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है इधर सीधे तौर पर कहा जाए तो वह भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बन गई है। यही नहीं वह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के विरासत को नीलाम करने पर लगी है।

लोकसभा चुनाव जाति नहीं वोटर के मूड पर लड़ा जाता है और इस बार वोटर अपनो के बीच का प्रत्याशी ढूंढ़ रहा। वोटर भी पुराने प्रत्याशी को बुझा कारतूस समझने लगा है। उसका मानना है कि राजनीति में इतने दिन गुजारने के बाद इनके अंदर जनता की समस्याओं को सुनने की ना तो ललक है नहीं क्षेत्र के विकास से कोई लेना देना। ऐसे में वोटर युवा प्रत्याशी को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। कुछ राजनीतिक पंडितों का मानना है कि भगवान राम की लहर में इंडिया गठबंधन मात्र खानापूर्ति करेगा यह बात सत प्रतिशत सही नहीं तो कुछ हद तक सही भी दिखती है कि साइकिल की सवारी से दिल्ली पहुंचाना नामुमकिन लगता है। ऐसे में सपा मुखिया को युवा, ग्लैमर और पढ़ें लिखे तेजतर्रार परखे प्रत्याशी को उतारे जो लोकसभा में क्षेत्र और पार्टी की मजबूत आवाज बने। इसके लिए उन्हें भी अपने विवेक का परिचय देना होगा। किसी भी प्रकार का राग, द्वेष, ज़िद को त्याग कर जनता के पसंद के प्रत्याशी को वरीयता देना होगा। बताते चले की मछली शहर अकेली सीट नहीं है। इसका प्रभाव जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, फूलपुर, प्रयागराज की सीट पर भी प्रत्याशी अपना प्रभाव रखेगा। भाजपा के रणनीतिकारों को यदि यह सीट अपने पास सुरक्षित रखनी है तो जनता की नब्ज पकड़नी होगी क्योंकि मोदीनाम की हवा तो बह रहीं पर अच्छे प्रत्याशी के दम पर साईकिल भी रफ्तार पकड़ेगी।

जातीय मतदाताओं की स्थिति
मछलीशहर संसदीय क्षेत्र

राजपूत (क्षत्रिय)-	2,42,000
ब्राह्मण झ	1,90,000
कुर्मी -	2,96,000
यादव -	2,01,000
दलित-	2,89,000
मुस्लिम -	1,25,000
कायस्थ-	91, 452
वैश्य -	64,764
अन्य–	3, 50,000

डॉ सुनील कुमार
पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

ईमामे जमाना वेल्फेयर ट्रस्ट ने रमजान किट देकर मनाई ईद और रमजान की खुशी : हुमायँ जैदी

जौनपर। इमामे जमाना वेल्फेयर ट्रस्ट के संस्थापक समाजसेवी सैय्यद जावेद जैदी ने रमजान के मौके पर संस्था की तरफ से पुरानी बाजार स्थित नवाब मंज़िल परिसर में आयोजित एक समारोह में जरूरतमंदो को रमजान किट देकर समाज में आपसी भाईचारे का संदेश दिया इस मौके पर श्री जैदी ने कहा की समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। यह बात नवाब मंज़िल परिसर में असहाय लोगों को राशन सामग्रियां देने के उपरांत जावेद जैदी ने फोन पर कही।वही कबीर जैदी ने बताया कि सैय्यद जावेद जैदी संस्थापक पिछले एक दशक से जरूरतमंदो की सेवा संस्था के माध्यम से कर रहे हैं, देश वासियों से उनका प्रेम सराहनीय है पिछले कई वर्षों से वह विदेश में रहकर भी समाज कल्याण का कार्य कर रह है ये अपने आप में बहुत ही अद्भुत है। मौलाना अजीम अब्बास ने कहा कि

जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए होनी चाहिए,सैय्यद लाडले जैदी आसिफ रिजवी,अनिल मिर्जा ने संस्था के कार्य की सराहना की एवम सभी सम्मानित सदस्य और पदाधिकारी गण ने समाज में शांति स्थापित रहे इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की,इस मौके पर प्रमुख रूप से सैय्यद शकील,इमरान जैदी , सैय्यद नौशाद अली,शम्सी आजाद, सैय्यद निसार हुसैन रिजवी, परवेज जैदी, सैय्यद शहबाज, सैय्यद जहांगीर रविश हसन नजफी,आगा अहद आदि सदस्यो का सहयोग रहा अंत में जावेद जैदी ने सभी देश वासियों से अहवान किया कि नफरत भुलाकर सिर्फ.प्रेम से जीना और मानव जीवन की रक्षा करना ही हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए।

स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर 31 मार्च को

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मित्रसेन प्रधान मेमोरियल सेवा ट्रस्ट की ओर से रेवतीपुर ब्लाक के सुहवल गांव में 31 मार्च रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक चलेगा। शिविर गांव के पंचायत भवन पर लगेगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के सचिव , भांवरकोल प्रधान संघ के अध्यक्ष इंद्रासन राय ने बताया कि चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुरभि राय और हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शिवम राय मरीजों को देखेंगे और परामर्श देंगे। स्त्री रोग और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। शिविर की जिम्मेदारी सुहवल की प्रधान आशा यादव के प्रतिनिधि गौतम यादव, विजय शंकर राय उर्फ बब्बन राय संभालेंगे। शिविर से लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता आएगी।

सांसद अफजाल व गाजीपुर डीएम के बीच तीखी नोक झोंक का वीडियो वायरल!

प्रखर गाजीपुर। मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी की डीएम गाजीपुर के साथ तीखी बहस हो गई। डीएम गाजीपुर ने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा की मिट्टी देने केवल परिवार के लोग जाएं, पूरा कस्बा नहीं जायेगा। अगर धारा 144 का उल्लंघन हुआ तो सबके खिलाफ एफआईआर करेंगे। अफजाल अंसारी वीडियो

में बोलते हुए दिख रहे हैं कि किसी के जनाजे में जाने और मिट्टी देने के लिए किसी की परमिशन लेने की जरूरत नहीं है। जितने लोग चाहे मिट्टी से सकते हैं। डीएम ने कहा वो जिला निर्वाचन अधिकारी हैं और नियम तोड़ने वालों पर एफआईआर कराएंगी। ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल है।

तरक्की की नई ऊर्जा डिजिटल अर्थव्यवस्था

जयंतीलाल भंडारी

भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बनी है, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था। हाल ही में इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटर-नेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) और वैश्विक उपभोक्ता इंटरनेट समूह प्रोसेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की वैश्विक रैंकिंग में अब भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे नंबर का सबसे बड़ा देश बन गया है। ऐसे में अब भारत के आम आदमी की डिजिटल सहभागिता बढ़ाने के लिए गांवों व पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल साक्षरता, स्टूडेंट्स के लिए स्कूलों-कॉलेजों में अच्छा डिजिटल कौशल, प्रशिक्षण, सस्ते स्मार्टफोन, इंटरनेट की निर्बाध कनेक्टिविटी और बिजली की सरल आपूर्ति जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने से भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकेगा। इसी प्रकार डिजिटल भुगतान में भारत विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर है। बीते वर्ष 2023 में देश में कुल डिजिटल भुगतान यूनिफाइड पेमेंटस इंटरफेस (यूपीआई) की हिस्सेदारी बढ़कर 80 फीसदी के करीब पहुंच गई है। यूपीआई लेनदेन की संख्या महज छह साल में 273 गुना बढ़ी है। वर्ष 2017 में 43 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए थे वर्ष 2023 में इनकी संख्या बढ़कर 11761 करोड़ हो गई। गौरतलब है

कि इक्रियर द्वारा डिजिटल अर्थव्यवस्था पर हुई यह स्टडी कनेक्ट, हार्नेस, इनोवेट, प्रोटेक्ट और सस्टेन जैसे पांच महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर आधारित है। इन पैरामीटर्स पर भारत ने 39.1 स्कोर किया है, जबकि पहले क्रम पर स्थित अमेरिका ने 65.1 और दूसरे क्रम पर स्थित चीन ने 62.3 स्कोर किया है। एक उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत ने डिजिटल युग में छलांग लगा दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट नेटवर्क वाला देश है। भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी को न केवल युवा अपना रहे हैं बल्कि शिक्षित बुजुर्ग भी इसमें पीछे नहीं हैं। जी20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत को सार्वजनिक सेवाओं की बड़े पैमाने पर डिलीवरी के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के चैंपियन के रूप में मान्यता दी गई थी। इन्फोसिस के सह-संस्थापक और चेयरमैन नंदन नीलेकणी का भी कहना है कि भारत ने अपने अनोखे डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और नई डिजिटल पूंजी के सहारे पिछले 10 साल में वह कर दिखाया, जिसमें पारंपरिक तरीके से पांच दशक लग जाते। भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और डिजिटल भुगतान के क्षेत्रों में वैश्विक मंच पर चमक रहा है। 50 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को जनधन खातों के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है।

विश्व रंगमंच दिवस पर काशी विद्यापीठ के छात्रों ने दी अनुपम प्रस्तुति

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में नाट्य कला अनुभाग और ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं ने विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर सबरी के राम प्रस्तुति किए। नाटक में शबरी के रूप में मधु सिंह, राम के रूप में कुंदन कुमार तथा लक्ष्मण के स्वरूप में अमरजीत सिंह के अनुपम प्रस्तुति पर दर्शको ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समसामयिक विषय पर नाट्य मंचन किया। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण, अविनाश पांडेय, डॉ. लियाकत अली, अरविंद गुप्ता, आयुष सिंह, कुंदन मौर्य, रंजना सोनकर, सूरज विश्वकर्मा, आनंद कुमार, सुधांशु कुमार प्रजापति, दिव्यांश, बाल मुकुंद त्रिपाठी, अजीत कुमार, अमन कुमार, आयुषी गौतम, रैना गुप्ता, भानु प्रताप राय ने अपनी-अपनी एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा, विभाग प्रभारी डॉ. शुभ्रा वर्मा, आकाशवाणी वाराणसी के उद्घोषक अरविंद गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

बच्चों के लिए कितना सही है
चॉकलेट खाना

क्वीसलैंड (द कन्वरसेशन)। ईस्टर चॉकलेट का समय है। दुकानें सभी आकार प्रकार के शानदार ढंग से पैक और चमकदार चॉकलेट से भरी हुई हैं, जिससे बच्चों के साथ सुपरमार्केट की तरफ जाना पहले से कही अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस बीच बच्चों को दोस्तों, रिश्तेदारों और ईस्टर बनी से चॉकलेट से बनाए अंडे गिफ्ट में मिल रहे हैं। इस समय माता-पिता के लिए यह सोचना जरूरी है कि आखिर कितना चॉकलेट खाना बच्चों के लिए सुरक्षित है.

चॉकलेट और सेहत

चॉकलेट को सेहत के लिए अच्छा बताया जाता है, लेकिन वह अच्छाई कोको से जुड़ी है। कोको बीन्स में भरपूर मात्रा में वसा, विटामिन, खनिज और फेनोलिक यौगिकों (या फाइटोकेमिकल्स) होते है इनसे रक्तचाप को कम करने में मदद मिलती है। लेकिन इन फेनोलिक यौगिकों का स्वाद इतना कड़वा होता है कि कच्चे कोको को खाना नामुमकिन है और यही पर खाद्य प्रसंस्करण कदम रखता है। मिल्क चॉकलेट बनाने के लिए चीनी, दूध वसा और अन्य सामग्री मिलाई जाती है और कोको का बहुत कम मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है। व्हाइट चॉकलेट में कोको की मात्रा बिलकुल ही खत्म हो जाती है। कुल मिलाकर, चॉकलेट के स्वास्थ्य लाभों पर किए गए अध्ययन इस बात के बहुत कमजोर सबूत दिखाते है कि चॉकलेट हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छी है। यदि कोई लाभ है, तो वह कोको (और फाइटोकेमिकल्स) के उच्च अनुपात के साथ बहुत गहरे, कड़वे चॉकलेट से आता है, जो बच्चों को पसंद नहीं आता है। डार्क चॉकलेट कभी-कभी वयस्कों को मूड बूस्ट' देती है क्योंकि इसमें कैफीन होता है।

बच्चों के लिए कितनी चॉकलेट सही

बिस्कुट, केक और चीनी वाले पेय की तरह सभी प्रकार की चॉकलेट को विवेकाधीन खाद्य पदार्थों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसका मतलब यह है कि उन्हें उपहार माना जाना चाहिए। एक मोटे दिशानिर्देश के रूप में, दो से तीन वर्ष की आयु के बच्चों को प्रति दिन विवेकाधीन भोजन की एक से अधिक खुराक नहीं देनी चाहिए और बड़े बच्चों को प्रति दिन तीन खुराक तक देनी चाहिए। इसे चॉकलेट पर लागू करें तो, चॉकलेट की एक सर्विंग 25-30 ग्राम होगी। एक औसत खोखले चॉकलेट ईस्टर अंडे का वजन लगभग 100 ग्राम होता है। लेकिन बच्चों को उपहार के रूप में कुछ चॉकलेट देना ठीक है। यदि बच्चे अपने पसंदीदा खाने का आनंद लेते है या ईस्टर की छुट्टियों में कुछ अतिरिक्त चॉकलेट खाते है, तो वे चीनी के दीवाने नहीं होंगे।

सेहत पर असर

यदि बच्चे दिन भर में केवल चॉकलेट खाते हैं, तो इससे शुगर की समस्या हो सकती है और सोते समय बच्चे भूखे और चिड़चिड़े हो सकते हैं। इसलिए सुनिश्चित करें कि आप चॉकलेट देने से पहले वास्तविक भोजन से उनका पेट भरा हो। अपने बच्चों के लिए भोजन की योजना बनाते समय, कुछ चीजें हैं जो आप चॉकलेट का प्रबंधन करने के लिए कर सकते हैं। बड़ी चॉकलेट की जगह छोटे छोटे चॉकलेट बेहतर विकल्प हैं।

भाग्यश्री के बहुत बड़े फैन हैं केतन सिंह

मुंबई (वार्ता)। कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में शिरकत कर रहे केतन सिंह का कहना है वह फिल्म मैंने प्यार देखने के बाद भाग्यश्री के बहुत बड़े फैन बन गए। इस शनिवार सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कॉमेडी शो,'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ शो बॉलीवुड की अभिनेत्री भाग्यश्री शामिल होंगी। कॉमेडियन कुशल बद्रीके और केतन सिंह 'मजदूर गैंग' नामक मजेदार गैंग के लिए जोड़ी बनाएंगे, जहां वे दिहाड़ी मजदूर के संघर्ष के बारे में बताते है, जो अपने कार्यस्थल पर कुछ छिपे हुए खजाने की खोज करते है और मनमाने ढंग से तय करते है कि उन पर कौन दावा करेगा! इसके बाद गौरव दुबे, सिद्धार्थ सागर, हेमांगी कवि और इंदर साहनी ने फिल्म 'मैंने प्यार किया' पर आधारित एक एक्ट प्रस्तुत किया, जिसमें भाग्यश्री ने भी एक्ट किया था। केतन सिंह ने कहा,जिस दिन मैंने भाग्यश्री की फिल्म 'मैंने प्यार किया' देखी; मै उनका बहुत बड़ा प्रशंसक बन गया!

एलेक्स गारलैंड की 'सिविल वॉर' से होगी रेड लॉरी फिल्म महोत्सव की शुरुआत

मुंबई (भाषा)। रेड लॉरी फिल्म महोत्सव की शुरुआत फिल्म निर्माता एलेक्स गारलैंड की फिल्म 'सिविल वॉर' के साथ होगी। फिल्म महोत्सव के आयोजकों ने इस बात की घोषणा की। यह फिल्म महोत्सव यहां बीकेसी में मैसन आईनॉक्स और मैडिसन पीवीआर में पांच से सात अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, तुर्की और रूसी भाषाओं में 100 फिल्में और टीवी धारावाहिकों को पेश किए जाएंगे। यह फिल्म महोत्सव सोनी पिक्चर्स, वार्नर ब्रोज़, डिज्नी, लायंसगेट, ट्रस्टनॉर्डिस्क और इंडी सेल्स जैसे प्रमुख वैश्विक स्टूडियो और प्रोडक्शन दिग्गजों के साथ साझेदारी के माध्यम से फिल्में प्रदर्शित करेगा। इस महोत्सव को बुकमायशो का सहयोग प्राप्त है।

'पटना शुक्ला' के प्रीमियर पर
सलमान ने दी 'दबंग 4' को लेकर अपडेट

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी लोकप्रिय 'दबंग' फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट पर एक अपडेट शेयर करते हुए कहा कि जिस पल वह और उनके भाई अरबाज खान एक स्क्रिप्ट पर सहमत हो जाएंगे, फिल्म बन जाएगी। अरबाज द्वारा निर्मित स्ट्रीमिंग फिल्म 'पटना शुक्ला' के प्रीमियर में सलमान शामिल हुए, जहां मीडिया ने स्टार से 'दबंग 4' के बारे में पूछा। सुपरस्टार ने जवाब दिया, बहुत जल्दी, जैसे ही दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे। वह कुछ ओर चाहता है और मैं कुछ और.. जैसे ही स्क्रिप्ट फाइनल हो जाएगी, वैसी ही 'दबंग 4' रिलीज हो जाएगी। सलमान ने रवीना की जमकर तारीफ की, जिन्होंने 1991 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'पत्थर के फूल' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। 'पटना शुक्ला' में रवीना तन्वी शुक्ला की भूमिका में हैं। एक्टर ने कहा, मैंने रवीना के साथ 'पत्थर के फूल' और 'अंदाज अपना-अपना' समेत 3-4 फिल्मों में काम किया है। मैं उन्हें काफी समय से जानता हूं। उन्होंने अपनी पहली फिल्म मेरे साथ की थी। अब इतने सालों बाद अरबाज उनके साथ काम कर रहे हैं। वह बहुत अच्छी एक्टर हैं और मेरी दोस्त हैं। सलमान ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी बेटी राशा को भी शुभकामनाएं दीं, जो अभिषेक कपूर की आने वाली थ्रिलर में अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन के साथ बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

आजकल सफलता ज्यादा देर तक नहीं टिकती : नीतू कपूर

मुंबई(आईएएनएस)। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के ग्रैंड प्रीमियर में दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू कपूर ने बताया कि उनके समय में फिल्मों की सफलता का जश्न किस तरह मनाया जाता था। रणबीर कपूर की लेटेस्ट फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बारे में बातचीत के दौरान, नीतू ने बताया कि कैसे उनके समय में एक फिल्म की सफलता का जश्न मनाया जाता था। एक्ट्रेस ने कहा, आजकल सफलता बहुत ज्यादा देर तक नहीं टिकती। हमारे जमाने में फिल्में 25 सप्ताह तक चलती थीं और उस समय हम फंक्शन में ट्रॉफी इकट्ठा करने जाते थे और फिर फिल्मों की सिल्वर और गोल्डन जुबली मनाते थे। वह बात अलग थी। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के ग्रैंड प्रीमियर में नीतू, रणबीर कपूर और रिद्धिमा कपूर सहानी नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला एपिसोड शनिवार को रिलीज होगा।

वेबसीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' में शाहरूख खान ने फ्री में किया था काम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार कबीर खान की वेबसीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' में शाहरूख खान ने फ्री में काम किया था। कबीर खान ने वर्ष 2020 में वेबसीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' बनाई थी। इस वेबसीरीज में सनी कौशल, शरवरी वाघ, करणवीर मल्होत्रा जैसे सितारे नजर आए थे। शाहरुख खान ने बतौर नैरेटर इस सीरीज में काम किया था। उन्होंने अपनी आवाज इस सीरीज में दी थी। कबीर खान ने बताया है कि शाहरुख ने इसके लिए पैसे नहीं लिए थे।

पुलकित ने 'पहली रसोई' की रस्म में बनाया हलवा, कृति खरबंदा ने शेयर की तस्वीरें

मुंबई(आईएएनएस)। एक्ट्रेस कृति खरबंदा ने अपने पति व एक्टर पुलकित सम्राट की शादी के बाद 'पहली रसोई' की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की। इन तस्वीरों में वह हलवा बनाते दिख रहे हैं। कृति ने तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ग्रीन फ्लैग अलर्ट! कल कुछ बड़ा हुआ और मैं फिर से प्यार में पड़ गई। मुझे सोचा नहीं था कि ऐसा हो सकता है, लेकिन फिर भी ये हुआ। कल पुलकित की पहली रसोई हुई। मैं किचन में गई और देखा कि वह हलवा बना रहा है। कृति ने कहा- मैंने उनसे पूछा कि वह क्या कर रहे हैं और उन्होंने कहा, हलवा बना रहा हूं, ये मेरी पहली रसोई है। मैं उन पर हंसने लगी और उन्हें बताया कि पहली रसोई लड़की की होती है बेबी। जिस पर उन्होंने कहा, ये बहुत फालतू बात है। हम दोनों ने तय किया था कि इस रिश्ते में हम दोनों बराबर जिम्मेदारी निभाएंगे। आपने दिल्ली में हमारे परिवार के लिए खाना बनाया, मैं बेंगलुरु में हमारे परिवार के लिए खाना बनाऊंगा। सिंपल! उन्होंने सिंपल शब्द का इस्तेमाल किया।

मेधा शंकर ने कहा, 'ऐसा मत सोचें कि मैं रातों रात सेंसेशन बनी हूं'

मुंबई (आईएएनएस)। '12वीं फेल' की रिलिजिंग के बाद रातों रात सेंसेशन बनने को लेकर एक्ट्रेस मेधा शंकर ने कहा कि लोग उनकी जर्नी के बारे में नहीं जानते हैं। मेधा ने बताया कि उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2019 में ब्रिटिश मिनी सीरीज 'बीचम हाउस' से की थी। इसके बाद वह फिल्म 'शादीस्थान' और सीरीज 'दिल बेकरार' में नजर आई थीं। मेधा ने 12वीं फेल की सफलता के साथ स्टार बनने की शुरुआत को याद करते हुए कहा, मैंने 2018 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और 2020 मेरे और पूरी दुनिया के लिए बहुत मुश्किल साल था, मैं उस वक्त काफी परेशान थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं रातोंरात सेंसेशन बनी हूं, बात सिर्फ इतनी है कि लोग मेरी जर्नी के बारे में नहीं जानते... अगर रातोंरात एक शब्द है तो मेरी रातें पांच साल लंबी थीं।

अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र
बताया- 'दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा '

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने कहा, वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, यह होली के बाद वाला वर्कआउट है। एक्ट्रेस ने कहा, हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है। अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है।देखा गया था। वह जल्द ही 'द गेम ऑफ गिरगिट' में नजर आएंगी।

अंटार्कटिका में बर्फ पिघलने से पृथ्वी की घूर्णन गति में कमी समय पर पड़ रहा असर

नई दिल्ली (भाषा)। वैश्विक ताप वृद्धि के कारण ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका में बर्फ पिघलने से पृथ्वी की घूर्णन गति में कमी आ रही है जिससे दुनियाभर के समय पर असर पड़ रहा है। एक नए अध्ययन में यह पाया गया है कि इसके कारण सार्व निर्देशांकित काल (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम यानी यूटीसी) में से एक सेकंड कम करने की आवश्यकता पड़ सकती है।



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में भूभौतिकविज्ञानी डंकन एग्न्यू के अध्ययन में आया सामने

अध्ययन के लेखक डंकन एग्न्यू ने बताया कि चूंकि पृथ्वी हमेशा एक ही गति से नहीं घूमती इसलिए यूटीसी में भिन्नता पाई जाती है।

उन्होंने बताया कि 1972 के बाद से ही सभी भिन्नताओं में एक 'लीप सेकंड' जोड़ने की आवश्यकता है क्योंकि कम्प्यूटिंग और वित्तीय बाजार जैसी कई नेटवर्क संबंधी गतिविधियों में यूटीसी द्वारा उपलब्ध संगत, मानकीकृत और सटीक समय की आवश्यकता होती है। पृथ्वी के घूर्णन की धीमी गति की भरपाई करने और यूटीसी को सौर समय के साथ समकालिक बनाए रखने के लिए समन्वित सार्वभौमिक समय में एक अंतराल सेकंड जोड़ा जाता है जिसे 'लीप सेकंड' कहते है। एग्न्यू अमेरिका के सैन डिएगो में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में 'स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी' में भूभौतिकविज्ञानी है। उनका अध्ययन पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने पाया कि हाल के दशकों में पृथ्वी की घूर्णन गति कमा होने के परिणामस्वरूप यूटीसी में कम लीप सेकंड जोड़ने की आवश्यकता होती है।

'द फॉरगॉटन आर्मी' के लिए शाहरुख ने नहीं लिए थे पैसे

मुंबई। फिल्ममेकर कबीर खान इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड किंग शाहरुख खान को याद करते हुए उनकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि शाहरुख ने उनकी वेब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' में बिना किसी फीस के वॉयसओवर करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा डर के साथ शाहरुख के पास ये ऑफर लेकर पहुंचे थे और उन्होंने तुरंत हां कह दिया। कबीर खान ने कहा, 'जब मैंने द फॉरगॉटन आर्मी बनाई थी और जिन्होंने इसे देखा है। हर एपिसोड से पहले 30 सेकंड का एक परिचय होता है, जिसमें एक वॉयसओवर होता है। वो आपको उस एपिसोड के बारे में बताता है।

लाइफ Style

अनन्या पांडे

सुहाना और अगस्त्य को दी नसीहत

धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर-2' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या पांडे आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। कुछ सालों पहले अनन्या पांडे को उनकी एक्टिंग और बोलचाल के स्टाइल के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब समय के साथ उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स में काफी इम्प्रूव किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अपनी लास्ट रिलीज फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए उन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अनन्या इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर संग अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में अनन्या पांडे ने नेहा धूपिया के शो में अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले, लेकिन साथ ही उन्होंने शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को एक बड़ी सलाह दी। नेहा धूपिया हर साल की तरह एक बार फिर से अपने चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' के साथ लौट आई हैं। उनके इस शो पर खास मेहमान बनीं 'गहराइयां' एक्ट्रेस अनन्या पांडे। इस दौरान नेहा से बातचीत करते हुए अनन्या ने बताया कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर उनकी फैमिली की तरह है।

इस बातचीत में जब नेहा ने उनसे अपने दोस्तों को सलाह देने के लिए कहा, तो अनन्या ने सबसे पहले शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान को एडवाइज दी। उन्होंने सुहाना को सलाह देते हुए कहा कि हर चीज को अपने दिल पर लगाने की जरूरत नहीं है। अनन्या पांडे ने शनाया को तो नहीं, लेकिन अमिताभ बच्चन के नाती और कथित तौर पर सुहाना खान के ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को सलाह दे दी।

विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की फिल्म ड्रामा, मस्ती और एक्शन का सही मिश्रण

विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर अभिनीत आगामी फिल्म फैमिली स्टार के निमार्ताओं ने गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। विजय सहित अन्य क्रू सदस्यों ने इस रोमांटिक कॉमेडी का ट्रेलर अपने सोशल मीडिया पर साझा किया। विजय ने गुरुवार को एक्स (पूर्व ट्विटर) पर फिल्म के ट्रेलर को एक कैप्शन के साथ साझा किया, जिसमें लिखा था, "इस गर्मी में। केवल एक सप्ताह में जश्न मनाएं, हंसें, खुश हों, फिर से जिएं और सिनेमाघरों में एक अच्छा समय बिताएं।" ट्रेलर की शुरूआत विजय द्वारा भगवान से प्रार्थना करते हुए की जाती है, वह उम्मीद करता है कि उसके जीवन में कोई नुकसान न हो और केवल लाभ हो। मृणाल उनके पड़ोसी, उनके परिवार के करीबी के रूप में दिखाई देते हैं, जो उन्हें परेशान करता है। जबकि पहले उसके मन में उसके लिए भावनाएँ विकसित होती हैं, कहानी अमेरिका में स्थानांतरित हो जाती है, जहाँ वह उसके अधीन काम करता है। हालाँकि, तनाव तब पैदा होता है जब मृणाल को लगता है कि वह उसके जीवन में समस्याएँ पैदा कर रही है, जिसके कारण उसने गुस्से में उसे थप्पड़ मार दिया, जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है। परसुराम पेटला द्वारा निर्देशित, फैमिली स्टार विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर के बीच पहला सहयोग है। अभिनय, वासुकी, रोहिणी हट्टंगडी और रवि बाबू सहित कलाकारों द्वारा समर्थित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना की विशेष भूमिका भी है। दिल राजू द्वारा निर्मित, यह बहुभाषी रिलीज (तेलुगु, तमिल और हिंदी) 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फैमिली स्टार के अलावा, विजय देवरकोंडा के पास कुछ अन्य प्रोजेक्ट भी हैं। ऐसी ही एक फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी के साथ है और एक फिल्म सुकुमार द्वारा निर्देशित है। वह लोकेश कनगराज के निर्देशन में एक कैमियो भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देंगे। वह गौतम तिन्नानुरी के आगामी निर्देशन में भी अभिनय करेंगे, जिसमें रश्मिका मंदाना और श्रीलीला भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

एना की फिल्म के सीक्वल का ऐलान



लॉस एंजिलिस। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। फिल्म में एना स्टेफनी स्मोदर्स का किरदार निभाती हैं, जबकि लाइवली का किरदार एमिली नेल्सन का है। दूसरे भाग में एमिली की शादी दिखाई जाएगी, जो इटली के एक अमीर बिजनेसमैन से कैपरी में हो रही है। हालांकि, इसमें ट्विस्ट आएगा। शादी में जगमगाते मेहमानों के साथ एक कत्ल और धोखे की भी तैयारी है। फिल्म की शूटिंग गर्मियों के बाद शुरू होगी और प्राइम वीडियो पर रिलीज की जाएगी।

शादी के बाद शेयर कीं पहली तस्वीर

मुंबई। तापसी पन्नू पिछले कुछ दिनों से अपनी गुपचुप शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एक्ट्रेस ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ गुपचुप तरीके से शादी की है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस पर कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन फैंस को यकीन है कि एक्ट्रेस अब सिंगल नहीं हैं और इसी चर्चा के बीच, उन्होंने शुक्रवार को कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी रिंग देखकर कई लोग बातें कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें, तो ये फोटो तापसी ने शादी के बाद पहली बार शेयर की है। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी अनोखी साड़ी दिखाते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्हें फ्लेयर्ड पैंट और पीले और काले रंग की साड़ी के साथ काले रंग का लंबा कोट पहने देखा जा सकता है।

'दबंग 4' पर साझा किया अपडेट

मुंबई। सलमान खान को उनकी फिल्म 'दबंग' के बाद से 'दबंग खान' कहा जाने लगा। दर्शकों को यह फिल्म खास तौर पर पसंद आई थी, जिसके बाद 'दबंग 2' और 'दबंग 3' ने भी दर्शकों का दिल जीता। वहीं, अब दर्शक फिल्म की चौथी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलमान खान ने अपने भाई अरबाज खान द्वारा निर्मित डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग फिल्म 'पटना शुक्ला' के प्रीमियर में भाग लिया, जहां अभिनेता से 'दबंग 4' के बारे में सवाल किया गया। इस पर जवाब देते हुए सलमान खान ने कहा कि यह बहुत जल्दी होगा, जैसे ही हम दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे तो यह मुमकिन हो पाएगा। अभी वे कुछ बनाना चाहते हैं और मैं कुछ और बनाना चाहता हूं, लेकिन जैसे ही एक स्क्रिप्ट फाइनल होगी और हम दोनों भाई साथ आएंगे, तब 'दबंग 4' रिलीज हो जाएगी।

टीवी मसाला

11 साल बाद 'पतिदेव' रणबीर से मिली गुत्थी

मुंबई। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आते ही कब्जा कर लिया है और दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। कपूर खानदान ने पहले एपिसोड की शोभा बढ़ाई। 26 मार्च को शो का पहला एपिसोड आया। ये अब तक कई लोगों का दिल जीत रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर जारी की गई छोटी सी क्लिप में, रणबीर कपूर को अपनी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ कुछ प्यार भरे पल शेयर करते देखा जा सकता है। प्रोमो में रणबीर की 'एक्स वाइफ' गुत्थी भी हैं। दरअसल, कपिल शर्मा शो के एक एपिसोड में सुनील ग्रोवर ने खुद को रणबीर कपूर की पत्नी बताया था और उनके बिना ही शादी भी कर ली थी। तब से उन्हें रणबीर की पत्नी कहा जाता है। इस क्लिप ने न केवल स्टार्स को बल्कि दर्शकों को भी हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। गुत्थी और रणबीर की प्रेम कहानी 2013 से शुरू होती है जब रणबीर 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में दिखाई दिए थे। तब से, गुत्थी कपूर परिवार की स्व-घोषित 'बहू' रही हैं।

मैडम तुसाद म्यूजियम में लगा अल्लू अर्जुन का पुतला

मुंबई। 'पुष्पा' एक्टर अल्लू अर्जुन इंटरनैशनल लेवल पर अपनी पहचान रखते हैं। उनका हाल ही में शानदार वैक्स स्टैच्यू दुबई के मैडम तुसाद म्यूजियम में रखा गया है। इस पुतले के साथ अल्लू अर्जुन ने पोज भी दिए जिसे देखकर ये बता पाना मुश्किल है कि कौन असली है और कौन नकली। इस स्टैच्यू की लॉन्चिंग पर एक्टर खुद दुबई पहुंचे थे और वो तस्वीरें भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। सबसे मजेदार वीडियो है जिसमें अल्लू अर्जुन नहीं बल्कि उकी बेटी सारी लाइमलाइट चुराती दिख रही। दरअसल अल्लू अर्जुन ने लॉन्च के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जिसमें वह हूबहू वही कपड़ों में हैं जिसमें स्टैच्यू को तैयार किया गया है। अब जैसे ही उनके पुतले के सामने रखा पर्दा हटाया जाता है, एक्टर की बेटी उसी अंदाज में (फ्लावर नहीं फायर है मैं) पुतले के पास खड़ी दिख रही जिस पोज में वो स्टैच्यू है।

रश्मिका ने विजय को बुलाया 'डार्लिंग'

मुंबई। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। भले ही दोनों ने अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म नहीं किया है, लेकिन उनका क्लोज बॉन्ड फैंस को सोचने पर मजबूर कर ही देता है। खैर, रिलेशनशिप को तो पता नहीं लेकिन रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों एक-दूसरे को बेस्ट फ्रेंड कहते हैं। विजय और रश्मिका एक-दूजे को चीयर करना भी नहीं भूलते हैं। हाल ही में, रश्मिका ने भी 'खुशी' एक्टर को चीयर किया है। हाल ही में, विजय देवरकोंडा स्टारर फिल्म फैमिली स्टार का ट्रेलर रिलीज किया गया है। लोगों ने फिल्म का ट्रेलर बहुत पसंद किया। रश्मिका को भी विजय की फिल्म का ट्रेलर भा गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। 'एनिमल' एक्ट्रेस ने एक्स पर फैमिली स्टार का ट्रेलर रीशेयर किया और कैप्शन में लिखा, मैं फैमिली स्टार के लिए डार्लिंग परशुराम और विजय देवरकोंडा को सबसे अच्छे की बधाई देती हूं।

हीरोपंती के बाद 'टाइगर दीदी' के नाम से जानी जाती थीं कृति

मुंबई। अभिनेत्री कृति सेनन अपनी फिल्म 'द क्रू' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री करीना कपूर और तब्बू के साथ मुख्य भूमिका में हैं। कृति सेनन फिल्मों के अलावा तमाम विषयों पर अपनी राय देने के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान कृति सेनन ने बताया कि उनकी पहली फिल्म हीरोपंती के बाद लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर बुलाते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी पहली फिल्म हीरोपंती रिलीज हुई थी तो लोग उन्हें 'टाइगर दीदी' कहकर बुलाते थे। अभिनेत्री ने कहा कि जब आप फिल्म इंडस्ट्री से नहीं होते हैं तो लोगों को आपका नाम जानने और आपके नाम को आपके चेहरे से मिलाने में थोड़ा समय लगता है। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय तक लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर कहते थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति 'क्रू' के बाद 'दो पत्ती' में नजर आएंगी। 'द क्रू' रिया कपूर द्वारा निर्देशित और एकता कपूर द्वारा निर्मित है। वहीं फिल्म 'दो पत्ती' में कृति सेनन अभिनय के साथ-साथ निर्माण भी कर रही हैं।

बायोपिक फिल्मों की बाढ़, दमदार कंटेट पर टिका भविष्य

'यूपी फाइल्स', 'जेएनयू' से लेकर 'साबरमती रिपोर्ट' रिलीज को तैयार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले कुछ समय में सिनेमाघरों रिलीज हो चुकी 'आर्टिकल 370', 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी', 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' और आने वाले दिनों में रिलीज होने वाली 'यूपी फाइल्स', 'जेएनयू' और 'साबरमती रिपोर्ट' जैसी फिल्मों को लेकर चर्चा का दौर जारी है। चर्चित घटनाओं व मुद्दों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला पिछले कई सालों से जारी है। यह बात और है कि कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों का इसलिए विरोध करते हैं। वहीं कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों को लोगों को सच्चाई से रूबरू कराने के लिए जरूरी मानते हैं।

अब समझदार हो गए हैं दर्शक : फिल्मी दुनिया के जानकारों की अगर मानें तो असल घटनाओं से प्रेरित फिल्मों का जनता पर कम ही प्रभाव पड़ता है। जाने-माने फिल्म निर्माता और फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर के प्रोड्यूसर आनंद पंडित से जब हमने आजकल रिलीज हो रही रियलिटी बेस्ड फिल्मों के ट्रेंड पर सवाल पूछा, तो उन्होंने बताया, 'मुझे नहीं लगता कि रियलिटी बेस्ड फिल्में किसी खास रिलीज डेट पर रिलीज की जाती हैं। यह सिर्फ एक संयोग हो सकता है कि आजकल लगातार कुछ असल घटनाओं से प्रेरित फिल्में रिलीज हो रही हैं।

गोधरा कांड पर प्रकाश डालेंगे मैसी: वहीं 3 मई को गोधरा ट्रेन कांड पर आधारित फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज तय है, जिसमें चर्चित ऐक्टर विक्रांत मैसी नजर आएंगे। इसी दौरान फिल्म गुजरात दंगों पर आधारित फिल्म 'गोधरा फाइल्स' के भी रिलीज होने की चर्चा है। जून के महीने में कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी, जिसमें सत्तर के दशक में देश में लगे आपातकाल को दिखाया जाएगा।

रिलीज होंगी रियल फिल्में

असल विषयों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। मार्च महीने के आखिरी शुक्रवार को 'बंगाल 1947' फिल्म रिलीज हुई, जिसमें भारत विभाजन की दास्तान को बंगाल के संदर्भ में दिखाया गया। इसके साथ ही एक और फिल्म 'यूपी फाइल्स' रिलीज होगी, जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। वहीं अप्रैल के पहले हफ्ते में जहांगीर नैशनल यूनिवर्सिटी पर बनी फिल्म 'जेएनयू' रिलीज होगी। इस फिल्म के टीजर रिलीज के साथ ही यह विवादों में आ गई है और इसका विरोध हो रहा है।

ब्रिटिश इंडिया से आजादी तक की कहानी

फिल्मवालों ने इस साल की शुरुआत से ही असल घटनाओं से प्रेरित तमाम ऐसी फिल्मों की रिलीज का सिलसिला शुरू कर दिया था, जिनको लेकर चर्चा हो सकती है। बीते साल 'द केरल स्टोरी' फिल्म बनाकर चर्चा में आए निर्माता विपुल शाह ने अबकी बार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर आधारित फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' रिलीज की, जिसे दर्शकों ने साफ नकार दिया। इस फिल्म का न सिर्फ कई राज्यों में विरोध जारी रहा। बल्कि इसे बैन करने की भी मांग उठी थी। इसके अलावा हाल ही में रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई है। इस फिल्म को लेकर बयानबाजियों का दौर गर्म है।

सलमान के कहने पर कटरीना ने साइन की थी न्यूयॉर्क

मुंबई। कबीर खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर फिल्ममेकर हैं। कबीर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और उनके साथ कई स्टार्स काम कर चुके हैं। बता दें कि कबीर की फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना कैफ ने काम किया था। आदित्य चोपड़ा ने कबीर को कटरीना की सलाह दी थी। हालांकि कटरीना उस वक्त फिल्म करने के लिए तैयार नहीं थी। हालांकि फिर सलमान खान ने कटरीना को इस फिल्म के लिए मनाया। कबीर ने दोनों का किस्सा शेयर किया है। कबीर ने कहा, 'उस वक्त कटरीना, सलमान को डेट कर रही थीं। सलमान ने उनसे पूछा कि मीटिंग कैसी रही? उन्होंने कहा कि कोई नया फिल्ममेकर है जिन्होंने एक फिल्म बनाई है और अब वह मुझे कास्ट करना चाहते हैं।

साड़ी में बला की खूबसूरत लगती हैं ईशा गुप्ता!

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा गुप्ता एक बहुमुखी अभिनेत्री हैं जो अपने आकर्षक व्यक्तित्व से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहती हैं। ईशा अपनी बोल्डनेस के साथ साथ अपने साड़ी लुक के लिए भी जानी जाती है। ईशा गुप्ता ने सफेद प्रिंट वाली गहरे नीले रंग की साड़ी पहनी थी। दिवा हर फ्रेम में शानदार लग रही है। इन तस्वीरों में ईशा गुप्ता का साड़ियों के प्रति प्यार साफ झलक रहा है। खूबसूरत दिवा साड़ियों में सुंदर दिखती है। साड़ियों में ईशा गुप्ता की तस्वीरें आपको और अधिक चाहने पर मजबूर कर देंगी। इस फ्रेम में वह खूबसूरत और एलिगेंट लग रही हैं। ईशा गुप्ता असल जिंदगी में एक फैशनिस्टा हैं और उन्हें हर तरह के आउटफिट पहनना पसंद है। वह किसी भी आउटफिट को बहुत ही आसानी से पहन लेती हैं। इसके अलावा ईशा गुप्ता चमकीली गुलाबी साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और उनकी तस्वीरें आपके दिल की धड़कनें बढ़ा देंगी। ईशा गुप्ता अच्छे लुक्स की धनी हैं और साड़ी में उनकी तस्वीरें उनके सभी प्रशंसकों के लिए एक उपहार है। ईशा गुप्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। दिवा अपनी मुस्कान से गर्मी बढ़ा देती है। ईशा गुप्ता की तस्वीरें निश्चित रूप से आपकी सांसें रोक लेंगी।

संक्षिप्त खबरें

गुड फ्राइडे पर शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे

मुंबई। गुड फ्राइडे के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब अगले सप्ताह सोमवार से सामान्य कामकाज होगा।

सिएट के एमडी अर्नब बनर्जी एटीएमए के चेयरमैन बने

नई दिल्ली। सिएट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी को ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) का नया चेयरमैन चुना गया है। एटीएमए ने शुक्रवार को बयान में कहा कि बनर्जी को बृहस्पतिवार शाम को आयोजित एसोसिएशन की प्रबंध समिति की बैठक (एमसीएम) में चेयरमैन चुना गया। उन्होंने जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अंशुमान सिंघानिया का स्थान लिया है। बयान के अनुसार, बनर्जी सिएट के साथ 2005 में उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) के तौर पर जुड़े थे। वह 2018 से कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। एटीएमए के सदस्यों में अपोलो टायर्स, ब्रिजस्टोन इंडिया, सिएट, कॉन्टिनेंटल इंडिया, गुडइयर इंडिया, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज, एमआरएफ और टीवीएस टायर्स हैं।

रणबीर कपूर बने एशियन ग्रेनिटो इंडिया के ब्रांड एम्बेस्डर

अहमदाबाद। एशियन ग्रेनिटो इंडिया लि. ने बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एम्बेस्डर नियुक्त किया है। इसके साथ ही कम्पनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमलेश पटेल ने बताया कि आने वाले महीनों में कंपनी रणबीर कपूर के साथ एक आकर्षक ब्रांड कैम्पेन और टीवी कमर्शियल लॉन्च करेगी।

पीएन गाडगिल ज्वैलर्स ने डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लि. ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी भारत में बीआईएस-पंजीकृत आउटलेट्स के सबसे बड़े बाजार महाराष्ट्र में स्टोरों की संख्या के मामले में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। पी एन गाडगिल ज्वैलर्स लिमिटेड के इनीशियल पब्लिक ऑफर में 10 रुपये की फेस वैल्यू के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 8,500 मिलियन रुपए तक है।

इको इंडिया मोबिलिटी ने आईपीओ के लिए आवेदन किया

नई दिल्ली। इको (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। बृहस्पतिवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों- राजेश लूंबा और आदित्य लूम्बा द्वारा 1.8 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश पर आधारित होगा। इसमें किसी तरह के नए शेयर शामिल नहीं हैं।

अकासा एयर ने शुरू किया अंतरराष्ट्रीय परिचालन

मुंबई। एयरलाइन अकासा एयर ने मुंबई से दोहा के लिए पहली उड़ान रवाना करने के साथ ही अपना अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू कर दिया है। एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसे तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों कुवैत, जेद्दा और रियाद के लिए यातायात अधिकार मिल गए हैं। अकासा आने वाले महीनों में तेजी से अपनी वैश्विक पहुंच का विस्तार करेगी। एयरलाइन के अनुसार, अहमदाबाद, गोवा, वाराणसी, लखनऊ, बेंगलुरु, कोच्चि और दिल्ली जैसे अन्य घरेलू शहरों के यात्रियों के पास मुंबई के रास्ते दोहा यात्रा के लिए कई संपर्क विकल्प होंगे।

रियलमी 12 एक्स 5 जी लॉन्च

नई दिल्ली। रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में नया स्मार्टफोन रियलमी 12 एक्स 5 जी पेश किया है। 10,000 रुपये से 12,000 रुपये के बीच एंट्री लेवल 5 जी किलर है, जो अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देगी। एंट्री-लेवल 5 जी किलर के रूप में रियलमी 12 एक्स 5 जी न केवल संभावनाओं के दायरे बढ़ा रहा है, बल्कि सर्वश्रेष्ठ विशेषताएं प्राप्त करना ज्यादा आसान बना रहा है क्योंकि इस स्मार्टफोन में 45 वाट सुपरवूक चार्जिंग और एयर जेस्चर कंट्रोल जैसी प्रीमियम विशेषताएं हैं।

(एजेंसियां)

देश के शीर्ष आठ शहरों में मकानों की आपूर्ति घटी

नई दिल्ली (भाषा)।



देश के आठ प्रमुख शहरों में उच्च मांग के बावजूद जनवरी-मार्च में आवासीय संपत्तियों की नई इकाइयों की आपूर्ति 15 प्रतिशत गिरकर 69,143 इकाई रह गई। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने आठ प्रमुख शहरों की प्राथमिक (पहली बिक्री) में नई आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति से जुड़े आंकड़े शुक्रवार को जारी किए।

आंकड़ों के अनुसार, नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु और मुंबई में बढी, लेकिन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता तथा अहमदाबाद में इसमें गिरावट आई। इस तिमाही (जनवरी-मार्च) में आवासीय संपत्तियों की कुल आपूर्ति में 'हाई-एंड एंड लग्जरी' खंड की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत रही। चालू तिमाही में कुल पेशकश में सूचीबद्ध, बड़े तथा क्षेत्रीय रूप से प्रतिष्ठित डेवलपर्स की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से अधिक रही।

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2024 में आवासीय संपत्तियों की नई आपूर्ति एक साल पहले की समान अवधि में 81,167 इकाइयों से घटकर इस साल 69,143 इकाई रह गई। कुशमैन एंड वेकफील्ड के प्रबंध निदेशक (आवासीय सेवाएं) शालीन रैना ने कहा, "पिछले एक वर्ष में 'हाई-एंड एंड लग्जरी' संपत्तियों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

यह बदलाव मकान खरीदने वालों की उच्च गुणवत्ता वाली संपत्ति के रूप में निवेश करने की बढती इच्छा में बदलाव और उनकी जीवन शैली की आकांक्षाओं को दर्शाता है।'

एलआईसी के कार्यालय 30-31 मार्च को खुले रहेंगे

नई दिल्ली (भाषा)। जीवन बीमा निगम (एलआईसी) करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 मार्च और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। एलआईसी का यह कदम बैंकों की उस घोषणा के बाद आया है जिसमें उनकी शाखाएं शनिवार और रविवार को खुली रहने की जानकारी दी गई थी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने इस महीने की शुरुआत में बैंकों को 30 मार्च तथा 31 मार्च 2024 को सामान्य कामकाजी घंटों तक सरकारी लेनदेन के लिए अपनी नामित शाखाएं खुली रखने का निर्देश दिया था। सार्वजनिक क्षेत्र के बीमाकर्ता ने कहा कि बीमा नियामक आईआरडीएआई की सलाह के अनुसार एलआईसी ने पॉलिसीधारकों के लिए इस विशेष उपाय का विस्तार करने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, 'यह निर्णय लिया गया है कि पॉलिसीधारकों को किसी भी कठिनाई से बचाने के लिए 'जोन' तथा संभागों के अधिकार क्षेत्र में कार्यालयों को 30 और 31 मार्च को सामान्य संचालन के लिए खोला जाएगा।"

जीईएम मंच से खरीद का आंकड़ा चार लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली।

देश के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अधिक खरीद गतिविधियों से चालू वित्त वर्ष में अबतक सरकारी मंच जीईएम के जरिये वस्तुओं तथा सेवाओं की खरीद चार लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट (जीईएम) मंच की शुरुआत नौ अगस्त, 2016 को की गई थी।

जीईएम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पी. के. सिंह ने पत्रकारों से कहा, "28 मार्च तक खरीद चार लाख करोड़ रुपये को पार कर गई। यह ऐतिहासिक है।'

उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र के खरीदार इस मंच से कई सामान और सेवाएं खरीद रहे हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था और पिछले वित्त वर्ष में यह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था।

उन्होंने कहा कि मंच से सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में 66,000 करोड़ रुपये से बढकर चालू वित्त वर्ष में अबतक 2.05 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसी तरह चालू वित्त वर्ष में 28 मार्च तक मंच से 1.95 लाख करोड़ रुपये की वस्तुएं खरीदी गईं।"

बड़े पैमाने पर उपभोक्ताओं के लिए मंच खोलने की संभावना के बारे में सिंह ने कहा कि यह पूरी तरह से एक बहुत अलग परिवेश तंत्र है। उन्होंने कहा, " हम इसपर विचार-विमर्श कर रहे हैं, हम इसकी तैयारी कर रहे हैं। यदि सरकार चाहे तो हमें इसके लिए तैयार रहना चाहिए। यदि संभव हो, यदि व्यावहारिक हो, तो हम आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में भी एक छोटा शुरुआती कार्य करेंगे, यदि मंजूरी मिल जाती है।'

उन्होंने बताया कि अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देश भी जीईएम में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी विभागों, मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य सरकारों तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को इस मंच के जरिये लेनदेन करने की अनुमति है। दुनियाभर में इस तरह के मंचों की सूची में दक्षिण कोरिया का केओएनईपीएस शीर्ष पर है। इसके बाद दूसरे नंबर में सिंगापुर का जीईबीआईजेड और फिर जीईएम तीसरे स्थान पर है।

भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने दो लाख करोड़ डाले

नई दिल्ली (भाषा)।

चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते विदेशी निवेशकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय शेयर बाजार में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। मजार्स इन इंडिया के प्रबंध भागीदार भारत धवन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वानुमान सर्तकता के साथ आशावादी है। प्रगतिशील नीतिगत सुधारों, आर्थिक स्थिरता और आकर्षक निवेश अवसरों के चलते एफपीआई प्रवाह जारी रहने की उम्मीद है।

- देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते विदेशी निवेशकों का विश्वास बढ़ा
- वर्ष 2023-24 में एफपीआई ने 2.08 करोड़ व ऋण/बांड बाजार में 1.2 करोड़ निवेश किया

उन्होंने कहा, "हालांकि, हम वैश्विक भू-राजनीतिक प्रभाव को लेकर सचेत हैं, जिनके चलते बीच-बीच में अस्थिरता आ सकती है, लेकिन हम बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में रणनीतिक योजना और तत्परता के महत्व पर जोर देते हैं।" विंडमिल कैपिटल के स्मॉलकेस प्रबंधक और वरिष्ठ निदेशक नवीन केआर ने कहा कि एफपीआई के नजरिये से 2024-25 की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय इक्विटी बाजारों में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.2 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। उन्होंने कुल मिलाकर पूंजी बाजार में 3.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। पिछले दो वित्त वर्षों में शेयरों से शुद्ध निकासी के बाद यह जोरदार वापसी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2022-23 में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 37,632 करोड़ रुपये निकाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में मुद्रास्फीति और ब्याज दर की दिशा, मुद्रा की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों, भू-राजनीतिक परिदृश्य और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती जैसे कारकों से एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा।

बैंकों का कुल एनपीए घटने के आसार

मुंबई (भाषा)। भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अगले वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.5-2.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक इसमें सुधार होगा और बैंकिंग प्रणाली का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत रह जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण वित्त वर्ष 20213-14 में जीएनपीए 3.8 प्रतिशत से बढकर वित्त वर्ष 2017-2018 में 11.2 प्रतिशत हो गया, जिसने बैंकों को एनपीए को पहचानने और अनावश्यक पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया...

इसमें कहा गया कि जीएनपीए में वित्त वर्ष 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में यह एक दशक के निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गया। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में यह तीन प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया कि खराब कर्ज की वसूली, बैंकों द्वारा अधिक खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने की वजह से परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। क्षेत्रीय दृष्टिकोण से, कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात मार्च, 2020 में दर्ज 10.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर, 2023 में घटकर सात प्रतिशत पर आ गया।

2023-24 में छोटी कंपनियों के शेयरों ने दिया 'बड़ा' रिटर्न

नई दिल्ली (भाषा)।

बीएसई के मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांक में सूचीबद्ध मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने 2023-24 में करीब 62 प्रतिशत रिटर्न (प्रतिफल) दिया है। मिड-कैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन सेंसेक्स से बेहतर रहा है। यह देश में मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों और विभिन्न कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच निवेशकों की उत्साहपूर्ण भावना को दर्शाता है।

एक विश्लेषण के अनुसार, बीएसई मिड-कैप सूचकांक वित्त वर्ष 2023-24 में 15,013.95 अंक या 62.38 प्रतिशत उछल गया, जबकि स्मॉल-कैप 16,068.99 अंक या 59.60 प्रतिशत चढा। इसकी तुलना में, समीक्षाधीन वित्त वर्ष में 30 शेयर वाले बीएसई सेंसेक्स ने 14,659.83 अंक या 24.85 प्रतिशत बढत हासिल की।

हेज फंड हेडोनोवा में सीआईओ सुमन बनर्जी ने कहा, " निवेशकों की भावना में यह बदलाव भारत में मजबूत व्यापक आर्थिक स्थितियों से प्रेरित है, यह परंपरागत रूप से आर्थिक विस्तार की अवधि के दौरान छोटी कंपनियों के शेयरों में त्वरित वृद्धि को बढावा देता है।" व्यापक बाजार ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। 31 मार्च, 2023 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 23,881.79 अंक पर फिसलने के बाद बीएसई मिडकैप सूचकांक आठ फरवरी को 40,282.49 के अपने स्तर पर पहुंच गया। बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक सात फरवरी को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 46,821.39 पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल 31 मार्च को यह 52-सप्ताह के निचले स्तर 26,692.09 अंक पर आ गया था। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स इस साल सात मार्च को 74,245.17 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा, " चालू वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है।"बाजार विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में बीएसई सेंसेक्स 423.01 अंक या 0.72 प्रतिशत चढा था। हालांकि, बीएसई स्मॉल-कैप सूचकांक 1,258.64 अंक या 4.46 प्रतिशत गिरा था, जबकि मिडकैप में 42.38 अंक की मामूली गिरावट आई थी।

टीसीएस ने अपने 3.5 लाख कर्मचारियों को जेन-एआई का प्रशिक्षण दिया

मुंबई (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने 3.5 लाख कर्मचारियों को जेनरेटिव कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) का प्रशिक्षण दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने जनवरी में घोषणा की थी कि 1.5 लाख कर्मचारियों को विभिन्न कौशल कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया है, जिसे भविष्य में कंपनी के लिए सबसे बड़ा अवसर कहा जाता है। कंपनी ने अब अपने जेनएआई में प्रशिक्षण वाले कर्मचारियों की संख्या आधे से अधिक तक पहुंचा दी है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, 'जेनएआई में मूलभूत कौशल पर प्रशिक्षित 3,50,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ टीसीएस दुनिया में सबसे बड़े एआई में प्रशिक्षित कार्यबल में से एक बनाने के लिए तैयार है।' कंपनी 2023 में क्लाउड और एआई अपनाने की ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एआई और क्लाउड के लिए एक समर्पित इकाई बनाने वाली पहली प्रौद्योगिकी कंपनी बन गई थी।

हर्ष कदम शेफ़्लर इंडिया के एमडी बने: जर्मनी की मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी शेफ़्लर के निदेशक मंडल ने हर्ष कदम को कंपनी की भारतीय शाखा का फिर से प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी होगी।

हालांकि, अभी इसके लिए शेयरधारकों की मंजूरी आवश्यक है। शेफ़्लर इंडिया की चेयरपर्सन एवं स्वतंत्र निदेशक एरांती सुमितश्री ने कहा, " निदेशक मंडल ने एक अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2027 तक अगले तीन साल के कार्यकाल के लिए शेफ़्लर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में हर्ष कदम की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।" उन्होंने कहा, " हमें विश्वास है कि उनका निरंतर नेतृत्व शेफ़्लर इंडिया की वृद्धि को गति देगा और बाजार में हमारी स्थिति मजबूत करेगा।"

बजाज आलियांज ने यूपी में फर्जी मोटर बीमा क्लेम घोटाले का पर्दाफाश किया

लखनऊ। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में सुनियोजित तरीके से किए जा रहे दोपहिया वाहन बीमा क्लेम दायर कर घोटाले करने वालों का पर्दाफाश किया है। कंपनी के साथ बीमा कराने वाले आरोपी ने गलत सूचना के माध्यम से अवैध रूप से मोटर बीमा का क्लेम फाइल करने और मनगढ़ंत वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए एक योजना बनाई। इसका पता चलने के बाद बीमा कंपनी ने बाद में पूरामुफ्ती पुलिस स्टेशन में बीमा कराने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

धोखाधड़ी का पता तब चला जब बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस को सूत्रों से विश्वसनीय जानकारी मिली, जिससे संकेत मिलता है कि आरोपी खुद वाहन का उपयोग कर रहा था।



अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात में सौर परियोजनाओं का परिचालन शुरू किया

नई दिल्ली (भाषा)। अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है। बयान के अनुसार, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने अपनी विभिन्न पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से गुजरात के खावड़ा में कुल 775 मेगावाट क्षमता की परियोजनाओं का परिचालन शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना से बिजली उत्पादन 29 मार्च से शुरू हो जाएगा।

जेडएफ राणे ने टीआरडब्ल्यू सन स्टीयरिंग व्हील्स का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली (भाषा)। मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्टीयरिंग व्हील निर्माता टीआरडब्ल्यू सन स्टीयरिंग व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने हालांकि इस सौदे के मूल्य की जानकारी नहीं दी है। राणे समूह के वाइस चेयरमैन एवं जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया के प्रबंध निदेशक हरीश लक्ष्मण ने कहा, " यह अधिग्रहण जेडएफ राणे ऑटोमोटिव इंडिया को मौजूदा और नए ग्राहकों को उन्नत क्षमता के साथ असाधारण मूल्य प्रदान करने में मदद करेगा।" जेडएफ ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष आकाश पासी ने कहा कि यह अधिग्रहण "घरेलू बाजार में हमारे नेतृत्व को मजबूत करता है, जो राणे ग्रुप की विनिर्माण क्षमता के साथ जेडएफ समूह की प्रौद्योगिक क्षमता पर आधारित है।"

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के खुदरा वितरण प्रमुख का इस्तीफा

नई दिल्ली (भाषा)। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शुक्रवार को कहा कि उसके खुदरा वितरण प्रमुख केदार देशपांडे ने ब्रोकरेज फर्म से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बताया कि उनका इस्तीफा 12 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा। उन्होंने वैकल्पिक करियर अवसरों को अपनाने के लिए इस्तीफा दिया। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार को बताया, "खुदरा वितरण प्रमुख (कंपनी में वरिष्ठ प्रबंधन की श्रेणी के तहत आने वाला पद) केदार देशपांडे ने 28 मार्च, 2024 को लिखे पत्र के जरिये अपना इस्तीफा दे दिया है।' आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज फिलहाल शेयर बाजारों से खुद को अलग करने की प्रक्रिया में है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ब्रोकरेज फर्म का उसके प्रवर्तक आईसीआईसीआई बैंक में विलय हो जाएगा। आईसीआईसीआई बैंक के पास फिलहाल आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज में 74.77 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

आरवीएनएल-सालासर को रवांडा में मिला 60 करोड़ रुपये का ठेका

नई दिल्ली (भाषा)। सार्वजिनक क्षेत्र की

कारोबारी गतिविधियां

आरवीएनएल और निजी इस्पात कंपनी सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग के संयुक्त उद्यम को मध्य अफ्रीकी देश रवांडा में करीब 60 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला है। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, यह ठेका ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (ईडीसीएल) से मिला है। इसे 18 महीने में पूरा करना है। इस महीने की शुरुआत में संयुक्त उद्यम को मध्य प्रदेश सरकार से करीब 174 करोड़ रुपये की ट्रांसमिशन परियोजना का ठेका मिला था। संयुक्त उद्यम में रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के पास 51 प्रतिशत और एसटीईएल के पास शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

बीएएल ने सुदर्शन फार्म केमिकल्स का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली (भाषा)। कृषि रसायन बनाने वाली बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) ने 139 करोड़ रुपये में सुदर्शन फार्म केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएफसीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की शुक्रवार को घोषणा की। बयान के अनुसार, यह अधिग्रहण बीएएल को 'ऑफ-पेटेंट' (जिनके पेटेंट की अवधि समाप्त हो चुकी है) अणुओं के लिए लागत प्रभावी और विशिष्ट विनिर्माण मार्ग विकसित करने में एसएफसीएल की दक्षता का लाभ उठाने का मौका देगा। दिल्ली स्थित बीएएल ने बयान में कहा, " इस अधिग्रहण में नकद प्रतिफल के जरिए 100 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राप्त करना शामिल है। मूल्यांकन के आधार पर अनुमानित उद्यम मूल्य 139 करोड़ रुपये है।"

बिक्री, सेवा नेटवर्क का विस्तार करेगी किआ इंडिया

नई दिल्ली (भाषा)। किआ इंडिया इस साल के अंत तक 300 शहरों में करीब 700 बिक्री और सेवा 'टचपॉइंट' खोलने की योजना बना रही है। सेल्टोस और सोनेट जैसे मॉडल बेचने वाली मोटर वाहन विनिर्माता के पास 236 शहरों में 522 ऐसे 'टचपॉइंट' हैं। कंपनी के अनुसार, वह पहले और दूसरी श्रेणी के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो उसकी कुल नेटवर्क क्षमता में 40 प्रतिशत का योगदान देता है। किआ इंडिया के बिक्री एवं विपणन के हरदीप सिंह बरार ने कहा, 'भारत में अपना परिचालन शुरू करने के बाद से हमने अपने 'टचपॉइंट नेटवर्क' को 285 से बढाकर 522 कर दिया है। किआ की 2.0 रणनीति के तहत हम साल के अंत तक 700 से अधिक टचपॉइंट का लक्ष्य रख रहे हैं, जिससे किआ की सेवाएं हमारे ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ हो सकें।'

एलएंडटी फाइनेंस को मिली नाम बदलने की अनुमति

नई दिल्ली (भाषा)। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स का नाम कंपनी पंजीयक से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो वित्तीय उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करती है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
चेन्नई	2	2	0	4
कोलकाता	2	2	0	4
राजस्थान	2	2	0	4
हैदराबाद	2	1	1	2
पंजाब	2	1	1	2
बेंगलोर	3	1	2	2
गुजरात	2	1	1	2
दिल्ली	2	0	2	0
मुंबई	2	0	2	0
लखनऊ	1	0	1	0

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई

बाउंड्री मीटर

279 चौके

194 छक्के

उन्मुक्त चंद आउट, अमेरिका ने 15 सदस्यीय टी-20 टीम का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

कनाडा के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अमेरिका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मोनंक पटेल के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है। वहीं, एरोन जोन्स को उकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, उन्मुक्त चंद टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं।

अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। साल 2012 में भारत की अंडर 19 चैंपियन टीम का हिस्सा रहे हरमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल चुके मिलिंद कुमार को भी टीम में रखा गया है।

अंडर-19 चैंपियन को नहीं मिली जगह

भारत को अंडर-19 चैंपियन बनाने वाले कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले इस सीरीज को अमेरिका के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसे में उन्मुक्त का टीम में ना होना उनके लिए खतरे की घंटी है। साल 2011 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करने वाले नीतिश कुमार की भी इस सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। हालांकि, वह अमेरिका की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे।

सीरीज का शेड्यूल

अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाली टी-20 सीरीज का आगाज 7 अप्रैल से होगा। दूसरा मुकाबला 9 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, तीसरा 10 और चौथा मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाना है। सीरीज का अंतिम मैच 13 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मैच टेक्सास में खेले जाने हैं।

यूएसए टी-20 टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, उस्मान रफीक।

चयन नहीं होने पर भड़के उन्मुक्त

उन्मुक्त चंद ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग मेजर लीग क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग सहित दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीगों अपना जलवा बिखेरा है। वह एमएलसी के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्मुक्त ने 45 पारियों में 1500 रन बनाए हैं। हालांकि इसके बाद भी उन्मुक्त का सिलेक्शन यूएसए टीम में नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने अपनी भड़ास निकाली है। टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्मुक्त चंद ने खराब सिस्टम का का हवाला देकर यूएसए क्रिकेट की आलोचना की है। साथ ही इसे बदलने की सलाह भी दे दी। उन्होंने लिखा, जीवन की विडंबना, मैं लोगों को खराब व्यवस्था और सही परिवर्तनों की आवश्यकता के बारे में शिकायत करते हुए सुनता रहता हूं, लेकिन जब वही लोग सत्ता में आते हैं, तो वे भी वही अन्यायपूर्ण तरीके अपनाते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने अंदर बदलाव लाएं और जो सही है उसके लिए मजबूती से खड़े हों।

खबर संक्षेप

आलोचनाओं पर ध्यान नहीं दें हार्दिक, यह अप्रासंगिक

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी 'अप्रासंगिक' हैं। इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे।

यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था।

अनुजा के शतक से मध्य क्षेत्र पर पश्चिम क्षेत्र भारी

पुणे। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अनुजा पाटिल के आक्रामक शतक से पश्चिम क्षेत्र ने यहां महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय कप के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 111 रन की बढ़त हासिल कर ली। मध्य क्षेत्र के

पहली पारी में 245 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने अनुजा की 120 गेंद में 122 रन की पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज (69 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 155 रन की साझेदारी से पहली पारी में 356 रन बनाए। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए हैं। टीम अब सिर्फ 43 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर पूनम राउत 32 जबकि नुजहत परवीन 35 रन बनाकर खेल रहीं थी।

मेजबान की मौजूदा सत्र में पहली हार

- कोलकाता ने बेंगलोर को 7 विकेट से हराया
- नारायण ने 22 गेंद में खेली 47 रन की तूफानी पारी
- वेंकटेश ने चार छक्के और तीन चौके से बनाए 50 रन
- कोहली की नाबाद 83 रन की पारी हो गई बेकार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन) और नारायण (47 रन) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। इससे पहले लगातार 9 मैचों में मेजबानों ने जीते थे।

दूसरे नंबर पर कोलकाता

इस जीत के साथ कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के दूसरे नंबर पर आ गई है। टीम के खाते में दो मैच के बाद 4 अंक हैं। टेबल के टॉप पर चेन्नई और तीसरे नंबर पर राजस्थान की टीम है। इन दोनों ने भी 4-4 अंक हासिल कर लिए हैं।

केकेआर की दूसरी जीत

कोलकाता नाइट राइडर्स ने 19 बॉल पहले ही जीत दर्ज कर ली। 17वें ओवर की पांचवीं बॉल पर केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विनिंग सिक्स लगाया, इसी के साथ टीम ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली। इससे पहले टीम ने हैदराबाद को हराया था।

कोहली का अर्धशतक

आरसीबी ने कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए।

एक टीम के लिए छक्के

खिलाड़ी	टीम	मैच	छक्के
विराट कोहली	बेंगलोर	240	241*
क्रिस गेल	बेंगलोर	85	239
एबी डिविलियर्स	बेंगलोर	156	238
कीरोन पोलार्ड	मुंबई	189	223
रोहित शर्मा	मुंबई	200	210
महेंद्र सिंह धोनी	चेन्नई	222	209

स्कोर बोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर	रन	गेंद	4	6
विराट कोहली नाबाद	83	59	4	4
डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित	08	06	0	1
कैमरून ग्रीन बो रसेल	33	21	4	2
मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण	28	19	3	1
पाटीदार का रिंकू बो रसेल	03	04	0	0
रावत का सॉल्ट बो हर्षित	03	03	0	0
दिनेश कार्तिक रन आउट	20	08	0	3

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 182/6

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0.

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4	6
सॉल्ट का बीन बो विशाख	30	20	2	2
सुनील नारायण बो डागर	47	22	2	5
वेंकटेश का कोहली बो दयाल	50	30	3	4
श्रेयस अय्यर नाबाद	39	24	2	2
रिंकू सिंह नाबाद	05	05	0	0

अतिरिक्त : 15, कुल : 16.5 ओवर में 186/3

गेंदबाजी : सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1, बीन 1-0-7-0.

खास खबर

मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे मरे

लंदन। एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्लू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे।

चोट के बाद वापसी में नोर्किया को लगेगा समय

जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स को लगता है कि टीम के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया समय के साथ बेहतर होते जाएंगे क्योंकि उन्होंने छह महीने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग ने गुरुवार रात को अंतिम ओवरों में नोर्किया की गेंदों की धज्जियां उड़ा दीं जिससे उन्होंने अपने चार ओवर में 48 रन लुटा दिए। राजस्थान ने अंत में यह मैच 12 रन से जीत लिया। नोर्किया सितंबर 2022 के बाद से ही क्रिकेट से बाहर थे और इस महीने के शुरु में तीन घरेलू टी20 मैच खेलने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने लगे।

डार्टमाउथ कॉलेज में भाषण देंगे फेडरर

कॉनकॉर्ड। स्विट्जरलैंड के महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर जून में डार्टमाउथ कॉलेज के छात्रों को सत्र प्रारंभ होने से पहले शुरुआती भाषण देंगे और इस दौरान उन्हें मानद डॉक्टर की उपाधि भी प्रदान की जाएगी। 'द इवी लीग स्कूल' ने इसकी जानकारी दी। फेडरर हनोवर में नौ जून को होने वाले इस समारोह में स्नातक छात्रों को संबोधित करेंगे और 'डॉक्टर ऑफ ह्यूमेन लेटर्स डिग्री' की मानद उपाधि भी प्राप्त करेंगे। डार्टमाउथ की अध्यक्ष सियान लिया बेलॉक महान टेनिस खिलाड़ी फेडरर की मुरीद हैं।

बोपन्ना-इबडेन मियामी खिताब से एक कदम दूर, डोडिग-क्राजिसेक से आज होगा सामना

एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।

फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4, 6-7(7), 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

सिंधू हारी, सिक्की-सुमित सेमीफाइनल में पहुंचे

मैड्रिड। भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। सिंधू को थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26, 21-17, 22-20 से हरा दिया। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21, 21-11, 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इंग्लैंड ने 4-1 से जीती सीरीज...

वेलिंग्टन। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत लिया। शुक्रवार को पांचवे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से शिकस्त मिली। पहले बललेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 18.5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

जीत के लिए आलराउंड प्रयास करेंगे सुपर जायंट्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके।

मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरुआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी।

पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत

पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं।



वर्कआउट के दौरान रखें कुछ बातों का विशेष ध्यान

यदि आपके कीटोन्स आ रहे हैं , तो तुरंत व्यायाम करने के बजाय, ब्लड शुगर को कम करने के लिए कदम उठाएं। तब तक व्यायाम करने की प्रतीक्षा करें जब तक कि आपके मूत्र में कीटोन की अनुपस्थिति न दिखे।

व्यायाम के दौरान

यदि आप लंबी कसरत की योजना बना रहे हैं, तो हर 30 मिनट में अपना ब्लड शुगर जांचें। यदि आप कोई नई गतिविधि आजमा रहे हैं या अपने वर्कआउट की तीव्रता या लंबाई बढ़ा रहे हैं तो यह महत्वपूर्ण है। हर आधे घंटे में जांच करने से आपको पता चलता है कि आपका ब्लड शुगर स्तर स्थिर है, बढ़ रहा है या गिर रहा है। इस तरह, आप समझ सकते हैं कि व्यायाम करते रहना सुरक्षित है या नहीं। यदि आप बाहरी गतिविधियां कर रहे हैं या खेल रहे हैं तो हर 30 मिनट में जांच करना एक चुनौती हो सकती है। लेकिन आपको यह सुरक्षा उपाय तब तक करने की जरूरत है जब तक आप यह न जान लें कि आपकी ब्लड शुगर आपकी व्यायाम की आदतों में बदलाव पर कैसी प्रतिक्रिया करती है।

डॉ. अशोक झिंगन

व्यायाम करना बंद करें यदि आपकी ब्लड शुगर 70 mg/dL या उससे कम है। आप कंपकंपी, कमजोरी, चक्कर आना या भ्रमित महसूस करते हैं। अपने ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ाने के लिए लगभग 15 ग्राम तेजी से काम करने वाले कार्बोहाइड्रेट वाला कुछ खाएं या पियें, जैसे- ग्लूकोज की गोलियां

फलों का रस

1 बड़ा चम्मच चीनी

शहद

15 मिनट बाद फिर से अपना ब्लड शुगर जांचें। यदि यह अभी भी बहुत कम है, तो 15 ग्राम कार्बोहाइड्रेट और लें। फिर 15 मिनट में दोबारा परीक्षण करें।

आवश्यकतानुसार तब तक दोहराएं जब तक आपका रक्त शर्करा कम से कम 70 mg/dL तक न पहुंच जाए। यदि आपने अपना वर्कआउट समाप्त नहीं किया है, तो जब आपका ब्लड शुगर सुरक्षित स्तर पर वापस आ जाए तो आप इसे जारी रख सकते हैं। इसे उस सुरक्षित सीमा तक बढ़ाने के लिए आपको अधिक स्नैक्स या भोजन की आवश्यकता हो सकती है।

व्यायाम के बाद

व्यायाम समाप्त करते ही अपना ब्लड शुगर जांचें। अगले कुछ घंटों में इसे दोबारा जांचें। व्यायाम आपकी मांसपेशियों में रिजव वशुगर को खींचता है।

आपका वर्कआउट जितना कठिन होगा, यह आपके ब्लड शुगर को उतनी ही देर तक प्रभावित करेगा। आपके वर्कआउट के बाद धीमी गति से काम करने वाले कार्बोहाइड्रेट वाला नाश्ता लेने से आपके ब्लड शुगर में गिरावट को रोकने में मदद मिल सकती है। इस प्रकार के स्नैक्स में ग्रेनोला बार और सूखे फल शामिल हैं।

यदि व्यायाम के बाद आपका ब्लड शुगर कम हो जाता है, तो कार्बोहाइड्रेट युक्त एक छोटा नाश्ता खाएं। उदाहरण के लिए, आप फल, या आधा कप फलों का जूस भी पी सकते हैं।

व्यायाम आपके स्वास्थ्य के लिए कई मायनों में अच्छा है। लेकिन यदि आपको मधुमेह है, तो व्यायाम से पहले, बाद में और कभी-कभी व्यायाम के दौरान अपने ब्लड शुगर का परीक्षण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है।

30 की उम्र में कर रहे वेट लॉस तो आज से ही

अपना लें ये आदतें

इसमें दोराय नहीं की वेट लॉस जर्नी आप किसी भी उम्र के पड़ाव पर शुरू कर सकते हैं, लेकिन ऐसे में यह समझना जरूरी हो जाता है कि हर गुजरते समय के साथ बॉडी की कैपेसिटी में बदलाव होता है। इसलिए उम्र के अनुसार ही वेट लॉस प्लान बनाना जरूरी होता है। 30 की उम्र तक ज्यादातर लोग मोटापा से ग्रस्त हो जाते हैं। तो आज हम बताएंगे कुछ ऐसे टिप्स जिनकी मदद आप भी वेट कम कर सकते हैं।

ज्यादा स्ट्रेस ना लें

हालांकि 30 की उम्र में टेंशन की कमी नहीं होती है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि तनाव आपके वजन घटाने की जर्नी को धीमा कर सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कम कैलोरी का सेवन करके और सख्ती से व्यायाम करके कितना भी प्रयास करें। यदि आप तनावग्रस्त हैं, वजन घटना आपके लिए मुश्किल ही रहेगा।

नींद पहली प्रायॉरिटी

ज्यादातर लोग अपनी नींद को प्रायॉरिटी नहीं देते हैं। ऐसे में ना तो उनके सोने का कोई फिक्स्ड टाइम होता है ना ही उठने का और ना ही वह बात पर ध्यान देते हैं कि वह 6-7 घंटे की पर्याप्त नींद पूरी कर रहे या नहीं। नींद की कमी मोटापे समेत कई गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम का कारण बनती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने नींद के साथ बिल्कुल भी खिलवाड़ ना करें।

इन चीजों से बना लें दूरी

30 की उम्र में ज्यादातर लोग शुगर, डाइट सोडा, शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन नियमित रूप से करने लगते हैं। ऐसे में वेट लॉस कर पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। क्योंकि ये सभी ही चीजें बॉडी में फैट को बढ़ाने का काम करती है। हालांकि डाइट सोडा को कैलोरी फ्री ड्रिंक बोला जाता है लेकिन इसमें मिला आर्टिफिशियल स्वीटनर सेहत के लिए खतरा होता है।

फास्टिंग प्लान

फास्टिंग प्लान वेट लॉस में फायदेमंद होता है, लेकिन यह भूखे रहने से पूरी तरह अलग है। क्योंकि इसमें आपको पूरी तरह से खाना नहीं छोड़ना होता है। बल्कि इसमें आपको खाने की क्वालिटी और क्वांटिटी पर ध्यान देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि आप खाना तभी खाएं जब आपको भूख लगे और पेट हमेशा थोड़ा खाली रहने दें।

जंक फूड्स को करें बाय-बाय

जंक फूड्स खाने वाले लोगों में सबसे ज्यादा मोटापे की समस्या होती है। ऐसे में यदि आप मोटापे से छुटकारा पाना चाहते हैं तो सबसे पहले अपनी डाइट से जंक फूड्स और फास्ट फूड्स को पूरी तरह से हटा दें। इसकी जगह पर आप होम फूड्स खाएं।



प्रोटीन इनटेक जरूरी

हर मील में प्रोटीन की मात्रा शामिल करना वेट लॉस करने के लिए जरूरी है। इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जो कैलोरी बर्न करने के लिए जरूरी है। प्रोटीन मसल्स और बोन मास बनाने का भी महत्वपूर्ण काम करता है।

विटामिन डी का सप्लीमेंट लेने से

पहले जरूर ध्यान रखें ये बातें

विटामिन डी एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है जो हड्डियों, दांतों, और मांसपेशियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। आजकल के भागदौड़ भरे जिंदगी में विटामिन डी की कमी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है, जिनमें हड्डियों की कमजोरी, थकान, और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। ऐसे में सबसे अच्छा विकल्प होता है कि दिनचर्या में रहकर बैलेंस डाइट लेना। विटामिन डी का सबसे अच्छा स्रोत सूर्य की रोशनी है। मगर बहुत लोगों को किन्हीं कारणों से विटामिन डी का सप्लीमेंट लेने की जरूरत पड़ती है। मगर विटामिन डी का सप्लीमेंट लेने से पहले, आपको कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना चाहिए।



डॉक्टर से सलाह लें

विटामिन डी की कमी होने के कुछ खास लक्षण होते हैं जैसे- हड्डियों में दर्द, थकान, कमजोरी, बार-बार संक्रमण होना, डिप्रेशन, घावों का धीरे भरना और मांसपेशियों में दर्द आदि। अगर आप इन लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो सबसे पहले डॉक्टर से संपर्क करके विटामिन डी लेवल की जांच करवाएं।

सिर्फ सप्लीमेंट पर निर्भर न रहें

अगर शरीर में विटामिन -डी की कमी है तो सप्लीमेंट के साथ अपनी डाइट में विटामिन डी के नेचुरल सोर्स को भी शामिल करें। मछली, मशरूम, अंडे की जर्दी और मीट विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। साथ ही, सुबह की धूप में 15-20 मिनट का समय बिताना भी फायदेमंद होता है।

अन्य विटामिनों पर भी ध्यान दें

विटामिन डी एक फैट सॉल्युबल होता है। विटामिन डी को बेहतर तरीके से काम करने में मदद के लिए पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए और के साथ मैग्नीशियम को शामिल करना फायदेमंद होता है।

अधिक मात्रा में न लें

विटामिन डी का सप्लीमेंट अधिक मात्रा में लंबे समय तक लेना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे उल्टी, डिप्रेशन, पेट दर्द, हाई ब्लड प्रेशर, सुस्ती और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

कमर दर्द से आराम दिलाएंगे ये योगासन

इन दिनों कई लोग कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं। खासकर महिलाएं अक्सर इससे प्रभावित रहती हैं। आमतौर पर मसल्स की कमजोरी ही महिलाओं में कमर का कारण बनती है, लेकिन कई बार लगातार लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम करने की वजह से भी कमर दर्द, पीठ दर्द और रीढ़ की हड्डियों में दर्द होने लगता है।

ऐसे में लगभग सभी लोग दर्द से राहत पाने के लिए पेनकिलर का मदद लेते हैं, लेकिन यह राहत कुछ समय के लिए होती है। कुछ समय बाद वापस उसी जगह दर्द होने लगता है। ऐसे में डॉक्टर भी स्ट्रेचिंग और योगा करने के लिए कहते हैं। इन्हें करने से शरीर को बेहतर महसूस होता है। खासकर कमर को ज्याद आराम मिलता है। कमर को आराम पहुंचाने के लिए कुछ ऐसे योगासन हैं, जिन्हें रोजाना करने पर दर्द से राहत मिलती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे योगासनों के बारे में-

मार्जरी आसन

इसे करने के लिए सबसे पहले आप घुटनों के बल बैठें और फिर दोनों हाथों पर वजन देते हुए टेबल टॉप पोजिशन बनाएं। अब कमर को अंदर की तरफ स्ट्रेच करें और फिर उठाकर भी स्ट्रेच करें।

सेतुबंधासन

इस योगासन को ब्रिज पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए पीठ के बल लेट जाएं और फिर अपने दोनों घुटनों को मोड़ें और अपनी पीठ को ऊपर जितना ज्यादा हो सके उठाएं और कुछ देर तक खुद वहीं पर होल्ड करें। कुछ देर बाद लेट जाएं। इस योगासन का नियमित अभ्यास करने से कमर दर्द में राहत मिलेगी।

बालासन

इसे करने के लिए अपने पैरों को मोड़कर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं और फिर अपने दोनों हथेलियों को स्ट्रेचिंग करते हुए आगे की तरफ ले जाएं। ऐसा करने में आपका पेट आपके थाई से टच करेगा। इसका अभ्यास भी कमर दर्द में राहत दिलाएगा।

धनुष मुद्रा या धनुरासन

इसे करने के लिए आप एक मैट पर पेट के बल लेट जाएं और फिर अपने दोनों हाथों से दोनों पैरों को धीरे से पकड़े और खुद को धनुष के आकार में मोड़िए और कुछ देर तक रुकने के बाद धीरे-धीरे नीचे लेट जाएं। कमर दर्द से राहत के लिए इसका अभ्यास करते रहें।

कोबरा पोज

इस आसन को करना सबसे ज्यादा सरल है। इसे करने के लिए जमीन पर पेट के बल लेट जाएं और फिर आपने दोनो हाथों पर टेक लगाते हुए सामने मुंह और आधे शरीर को ऊपर उठाएं। इसमें आसान को करते वक्त हमारी पोजिशन एकदम किसी सांप की तरह होती है, इसलिए ही इसे कोबरासन या भुजंगासन भी कहते हैं।

केला खाने से डाइजेशन होता है दुरुस्त

मार्केट में साल के बारह महीने जो जो फल सबसे ज्यादा बिकता है वो है केला! लेकिन क्या आप जानते हैं साधारण सा दिखने वाला यह फल ना केवल स्वाद में बेहतरीन होता है बल्कि सेहत के लिए लिहाज से भी फायदेमंद होता है। खासकर इस उमस हरे मौसम में केले का सेवन आपको कई बीमारियों से दूर रखता है। केले मे मैग्नीशियम, पोटेशियम, विटामिन बी6 और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जो पाचन और दिली की सेहत के लिए अच्छे हैं। चलिए जानिए केले का सेवन करने से आपकी सेहत को कौन से फायदे होते हैं।

डाइजेशन होता है दुरुस्त- गर्मी के मौसम में अक्सर लोगों को डाइजेशन की समस्या होती है। ऐसे में इस मौसम में केले का सेवन करने से डाइजेशन बेहतर रहता है। पाचन प्रक्रिया बेहतर होने से आप कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बच जाते हैं। इसलिए रोजाना केले का सेवन करना आपके लिए लाभकारी होगा।

लूज मोशन में फायदेमंद- इस मौसम में गर्मी लगने से लोग लूज़ मोशन का भी शिकार होते हैं। ऐसे में केले के सेवन से उन्हें तुरंत आराम मिल सकता है। अगर आप केले में काला नमक लगाकर खाएंगे तो इसमें आपको आराम मिलेगा। इसके साथ ही केले के साथ मिश्री के कुछ दाने खाने से भी आपको फायदा होगा।

खून को रखे पतला- केला शरीर में खून को पतला बनाए रखने में सहायता करता है। ये खून को पतला कर रक्त के संचालन को दुरुस्त करता है। केले में मैग्नीशियम होता है जो खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है। जब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होगी तो धमनियों में खून का संचालन भी ठीक रहेगा।

कब्ज में फायदेमंद- कब्ज के मरीजों के लिए केले का सेवन संजीवनी बूटी समान हैं। इसका सेवन करने से कब्ज की समस्या में राहत मिलेगी। इसके लिए आप केले के साथ दूध को पिएं। रोजाना रात में सोने से पहले इसका सेवन करना कब्ज में लाभकारी होगा।

दमकती त्वचा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

चेहरे की खूबसूरती हर किसी के लिए बहुत मायने रखती है, लेकिन अगर चेहरे पर कुछ भी लग जाए या कट जाए, तो आपके चेहरे की चमक फीकी पड़ जाती है। इसके लिए कई लोग तरह-तरह के फेस पैक, क्रीम का यूज करते हैं। ठीक वैसे ही अगर आंखों के नीचे काले धब्बे दिखने लगते हैं, तो कोई भी आपको टोक सकता है। इसके चक्कर में आप तरह-तरह के प्रोडक्ट यूज करते हैं, लेकिन फायदा कुछ नहीं होता है। ऐसे में इस समस्या के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से काले घेरे को दूर कर सकते हैं। आइए जानें-

नींबू का रस

नींबू में विटामिन सी होता है जो त्वचा को निखारता है और काले घेरों को कम करने में मदद कर सकता है। नींबू के रस को घेरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें।

आलू का रस

आलू में विटामिन ई होता है जो त्वचा के रंग को निखारता है और काले घेरों को कम कर सकता है। आलू को पीसकर उसका रस निकालें और इसे घेरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक ऐसे ही रखें, जब सूख जाए, तो फिर धो लें।

शहद और नींबू

शहद और नींबू का मिश्रण बनाकर इसे घेरे पर लगाएं। इससे आंखों पर आए काले घेरे कम होंगे।

बेसन और दही

बेसन में थोड़ा सा नींबू का रस और दही मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। इसे अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ें और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। फिर पानी से धो लें।

एलोवेरा जेल

एलोवेरा का जेल काले घेरों को कम करने में मदद कर सकता है। एलोवेरा जेल निकालकर उसे घेरे पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें।

सन् 2020 में नई शिक्षा नीति के तहत दिव्यांगों में जगी रोशनी

प्रखर वाराणसी। भोजूबीर सरसौली स्थित 'स्याही प्रकाशन' के 'उद्गार' सभागार में दो दिवसीय कार्यक्रम की कड़ी में समापन सत्र में 30 मार्च को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर परिचर्चा / प्रशिक्षण एवं साहित्यिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित छतिश द्विवेदी 'कुण्ठित एवं मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता अम्बरीश सिंह भोला रहे। सारस्वत अतिथियों में डॉक्टर एम. पी. सिंह, डॉक्टर एन. बी. सिंह, डॉक्टर शुभ्रा वर्मा नाट्य अनुभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, साहित्यकार प्रियम्बदा सिंह रहीं। वहीं मुख्य वक्ता डॉक्टर डी. आर. विश्वकर्मा पूर्व जिला विकास अधिकारी रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं शायर डॉ लियाकत अली जलज और सुनील सेठ ने किया। कार्यक्रम में विषय प्रवक्ता डॉक्टर ज्योति भूषण मिश्रा रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ सभी सम्मानित अतिथियों ने मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। मां सरस्वती वंदना राम नरेश पाल ने किया। अतिथियों का स्वागत भारत डिजिटल लाइब्रेरी के संस्थापक प्रवीण मिश्रा ने किया। सम्मान समारोह के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बरीश सिंह भोला ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में लागू की गयी। इस शिक्षा नीति से भारत देश में बड़े बदलाव हुए है। छात्र छात्राओं में जागरूकता आई है। उनके रोजगार में नई शिक्षा नीति के तहत बदलाव आया है। समय, समय सरकार शिक्षा के छेत्र में और आधुनिक तरीके से काम कर रही है। डॉ राम मूर्ति प्रसाद मिश्रा प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययन कर रहे दिव्यांगों की शिक्षा सराहनीय है। वही डॉक्टर राम प्रसाद मूर्ति मिश्रा गीता फाउंडेशन द्वारा संचालित तीन संस्थानों पर प्रकाश डालते हुए

निदेशक डॉ ज्योति भूषण मिश्रा ने कहा कि हमारे फाउंडेशन के तहत करियर क्लासेस स्कूल विद्यालय तथा डॉ राममूर्ति प्रसाद प्रशिक्षण संस्थान डी एड कॉलेज एवं डॉक्टर राम महाविद्यालय संस्कृत कॉलेज की स्थापना की गई। डॉ ज्योति भूषण मिश्रा ने कहा कि 175000 से अधिक दिव्यांगों की सेवा दी गई है जापान से प्रशिक्षित डॉक्टर ज्योति भूषण मिश्रा ने कहा कि 2011 से 2017 तक जापान से शिक्षा प्राप्त करके शिक्षा जगत में उल्लेखनीय का चल रहा है 6 वर्षों में तीन शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई और धीरे-धीरे दिव्यांगों की हर वर्ष ट्राई साइकिल, स्टिक, ईयर फोन निशुल्क प्रदान की जाती है। 2020 के नई शिक्षा नीति से दिव्यांगो में नई रोशनी की किरण आई है सभी अतिथियों ने भी अपने संबोधन से दिव्यांगों की शिक्षा पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य वक्ता डॉक्टर दयाराम विश्वकर्मा अपने संबोधन में कहा कि जिस तरह से करियर क्लासेस स्कूल डॉक्टर राम महाविद्यालय संस्कृत कॉलेज में शिक्षा जगत में कार्य कर रहे हैं। उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्याही प्रकाशन एवं उद्गार सभागार के संस्थापक अध्यक्ष पंडित छतिश द्विवेदी 'कुण्ठित' ने कहा कि सरकार शिक्षा में जो तब्दीली कर रही है उससे भारत देश के युवाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने में सहजता बढ़ी है। वर्षों से देख रहा हूं कि डॉक्टर ज्योति भूषण मिश्रा ने दिव्यांगों के शिक्षा के लिए अथक प्रयास किया है हम सब उनके कार्यों की सराहना करते हैं हम और हमारा उद्धार उनके लिए हमेशा हर कार्य के लिए यथाशक्ति समर्पित है। माननीय अध्यक्ष के उद्बोधन के तत्पश्चात कवि गोष्ठी आरंभ हुई जिसमें सभी कवि और कवित्रियों ने अपनी स्वरचित शिक्षा पर रचना पढ़ीं। उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। तत्पश्चात सैकड़ों कवियों और कवित्रियों को सम्मान पत्र देकर के स्वागत और सम्मानित किया गया। कवियों में डॉक्टर लियाकत अली जलज, डा. अनिल सिन्हा बहुमुखी, प्रीति जायसवाल, प्रियंका अग्निहोत्री, सुनील सेठ, शिब्बी. ममगाईं माधुरी, शिवदास अनपढ़, कवि उमेश, ओम प्रकाश मिजार्पुरी, मिथिलेश कुमार, जी एस. पटेल, अर्चना त्रिपाठी, आशिक कुमार आशिक, अच्छेलाल वर्मा, टीकाराम शर्मा आचार्य, खुशी मिश्रा, अंजली मिश्रा, राम नरेश पाल, अलियार प्रधान, तेजबली अनपढ़, राजेन्द्र प्रसाद गुप्त बावरा, कलामुद्दीन कलाम, शायर शमीम गाजीपुरी, डॉक्टर प्रियंका तिवारी, सुषमा मिश्रा, माधुरी मिश्रा, उमेश कुमार, अभिषेक दूबे, आनन्द पाल, सीमा शर्मा, राजीव प्रसाद, सन्ध्या मौर्या, अजीत यादव, चन्द्रभूषण सिंह, मनीष श्रीवास्तव मोनू, पं० धीरज दीक्षित, हिमांशु कश्यप, कैलाश नाथ यादव, अचला पाण्डेय, आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर लियाकत अली और सुनील सेठ ने किया धन्यवाद प्रकाश वरिष्ठ लेखक साहित्यकार प्रकाशानंद ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी का अभिषेक उपाध्याय भवदीय डॉ. ज्योति भूषण मिश्रा निदेशक डॉ० राम मूर्ति प्रसाद मिश्रा गीता फाउण्डेशन व डॉ० राम मूर्ति प्रसाद मिश्रा प्रशिक्षण संस्थान।

चाय बनाते समय सिलेंडर फटा मां के साथ 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

प्रखर देवरिया। जिले की बरहज तहसील इलाके के भलुअनी स्थित डुमरी गांव में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर भभक गया। जिससे सिलेंडर फट गया। चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। डुमरी गांव निवासी शिवशंकर गुप्त पावरोटी बेचते हैं। सुबह वह दुकान पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे। उनकी पत्नी आरती देवी चाय बनाने लगी। इसी बीच गैस सिलेंडर भभकने लगा। सिलेंडर भभक कर फट गया। जिसकी चपेट में आने से शिवशंकर गुप्त की पत्नी आरती देवी (42), पुत्री आंचल (14), सृष्टि (11), पुत्र कुंदन (12) की

मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर इंस्पेक्टर अर्चना सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गईं। डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी डॉ.संकल्प शर्मा, एडीशनल एसपी डॉ.भीम कुमार गौतम, एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, सीओ आदित्य कुमार गौतम आदि ने मौके का जायजा लिया। फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। इतने बड़े हादसे की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल में जल रही हैं शिक्षा की अखंड ज्योति, आयोजित हुई तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

प्रखर संतकबीरनगर। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर स्कूल खलीलाबाद में शनिवार को तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई। तीसरे चरण की प्रवेश परीक्षा में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राएं ही नए सत्र में अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल में 4 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ होगा। प्रवेश परीक्षा के बाद सफल अभ्यर्थियों के नामांकन से लेकर नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ को लेकर विद्यालय परिवार ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल खलीलाबाद में

प्रवेश परीक्षा को लेकर क्लास वाइज सभी अध्यापकों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रवेश परीक्षा के दौरान संस्थान के चेयरमैन डा उदय प्रताप चतुवेर्दी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सविता चतुवेर्दी और प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव ने परीक्षा कक्ष में पहुंच कर क्लास वार प्रवेश परीक्षा का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा के दौरान काफी सख्ती नजर आई । सूर्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल खलीलाबाद में लगातार नए सत्र में प्रवेश जारी है । सूर्या के चेयरमैन डा उदय प्रताप चतुवेर्दी ने बताया कि विद्यालय में नए सत्र को लेकर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराए हैं वह समय से अपना रजिस्ट्रेशन कराकर आगामी होने वाली प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

फार्मो सिटी एफपीसीएल के गौशाला पर केराकत व डोभी एफपीसीएल का एक्सपोजर विजिट आयोजित

प्रखर चंदौली। चंदौली जनपद के नियमताबाद क्षेत्र के सरेन में स्थित फार्मो सिटी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के गौशाला पर केराकत कल्याण एफपीओ व प्रगतिशील डोभी एफपीओ का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाबार्ड व नेशनल एग्रो फाउंडेशन द्वारा संचालित केराकत कल्याण एफपीओ व प्रगतिशील डोभी एफपीओ के दर्जनों किसानों ने भाग लिया। फार्मो सिटी एफपीसीएल के गौशाला पर पहुंचकर वहां पर किस प्रकार गायों का पालन होता है। इसकी विस्तृत जानकारी ली। साथ ही फार्मो सिटी एफपीसीएल में बनाए गए गोबर गैस के बड़े प्लांट की भी किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि उक्त गोबर गैस प्लांट से आसपास के 125 घरों में खाना बनाने की गैस सप्लाई की जाती है। जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिलती है। उक्त जानकारी गौशाला के संचालक चंद्र प्रकाश सिंह ने दी । भ्रमण कार्यक्रम में उपस्थित जनों में केराकत कल्याण एफपीसीएल व प्रगतिशील डोभी एफपीसीएल के बोर्ड का डायरेक्टरो सहित दर्जनों किसान उपस्थिति दे। नेशनल एग्रो फाउंडेशन के अधिकारी नितेश यादव व शेखर मणि तिवारी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डीएम साहब एक नजर इधर भी, अवैध वसूली कर मालामाल हो रहा आबकारी विभाग

प्रखर संतकबीरनगर। जिले मे आबकारी विभाग अवैध तरीके से मदिरा के सेवन करने वाले लोगों से एक रुपए वसूल कर मालामाल हो रहा है। जिले के प्रत्येक देसी शराब की दुकानों पर 54 रुपए में मिलने वाला शराब बंटी बबली 55 रुपये में बिक्री किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो अवैध तरीके से असूल गए एक रुपए का बाकायदा हिस्सा आबकारी विभाग लेता है। विभाग के संरक्षण में मदिरा विक्रेता मदिरा के सेवन करने वाले लोगों से एक रुपया अवैध तरीके से वसूला जा रहा है। विभाग का कारनामा यहीं थमा नहीं है। जिले में अंग्रेजी और बियर की दुकानों पर भी खुलेआम शराब पर ओवर रेटिंग बिक्री की जा रही है जिसमें 5 से 10 रुपए तक अवैध तरीके से वसूला जा रहा है। सूत्र बताते हैं की अवैध तरीके से वसूल किए जाने वाली रकम का हिस्सा आबकारी इंस्पेक्टर के जरिए आबकारी अधिकारी तक पहुंच रहा है, जिससे मदिरा के सेवन

करने वाले लोगों कि जेब विभाग ढीली करने में लगा हुआ है। बताया यह जाता है कि अवैध तरीके से वसूल किए जाने वाला रकम ऊपर बैठे अधिकारियों तक हिस्सा पहुंच रहा है जिसका उच्च अधिकारीयो के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी की योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को पलीता क्यू लगा रहे हैं जिले पर बैठे विभाग के जिम्मेदार। आखिर इन पर कार्यवाही कब। वही इस ओवर रेटिंग के मामले पर जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में आया हैं इसकी जांच करा कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बृजमनगंज के पत्रकारों ने मनाया शिष्टाचार होली मिलन कार्यक्रम

प्रखर महराजगंज। थाना क्षेत्र बृजमनगंज के पत्रकारों द्वारा शिष्टाचार होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार की शाम रेलवे स्टेशन रोड बडौदा यूपी बैंक पर किया गया।इस कार्यक्रम के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार विनय पाठक एवं संचालन शिव श्रीवास्तव द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को फूलों से लादकर दी बधाई

थानाध्यक्ष बृजमनगंज,चेयरमैन राकेश जायसवाल, जनप्रतिनिधि शशिभूषण अग्रहरी, जनप्रतिनिधि राहुल शर्मा एवं नगर के समाजसेवी नटवर जी गोयल,ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल,लार्ड कृष्णा पीजी कालेज के प्रधानाचार्य रत्नेश पाण्डेय रहे।कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं पत्रकार साथियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को यादगार

बनाने के लिए अब्दुल उर्फ साजिद गोरखपुरी ने मुशायरा सुनाकर अपने फनकार से शमा बांधा।तत्पश्चात समस्त विशिष्ठ अतिथि एवं पत्रकार साथियों द्वारा मीडिया टीम के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का फूलों की माला से सुशोभित कर बधाई दिया गया।वरिष्ठ पत्रकार विनय पाठक ने कहा कि पहली बार बृजमनगंज क्षेत्र से पत्रकारिता जगत में जिले में नाम रोशन किया है।यह हम सभी पत्रकारों के लिए खुशी की बात है।होली मिलन कार्यक्रम एक दूसरे से प्रेम संबंध में मिठास लाने माध्यम है एक दूसरे के साथ जुडने का माध्यम।अपने विचारों की अभिव्यक्ति ब्यक्त करने का माध्यम है।अपने कलम मे धार देने का माध्यम है।जिलाध्यक्ष जगदम्बा जायसवाल ने शायरी सुनाते हुए कहा कि माना कि मुस्ते खाक से बढकर नहीं हूं मैं,लेकिन हवा के रहमो करम पर नहीं हूं ,मैं चेहरे पर मल रहा हूं स्याही नसीब की,आईना हाथ में है सिकंदर नहीं हूं मैं।।देश का चौथा स्तंभ एक पत्रकार होता है उसके कलम का इस्तेमाल समाज के भलाई के लिए होना चाहिए ।तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद फूलों की होली खेलते हुए लोग झूमे जलपान कार्यक्रम रसगुल्ला, पेड़ा, नमकीन,ठंडा खिलाकर देर रात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान यादगार समारोह का लोग बने साक्षी। समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि शशिभूषण अग्रहरी, वरिष्ठ समाजसेवी नटवर जी गोयल,ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल,एस आई दीनानाथ, डाक्टर जावेद अहमद, लार्ड कृष्णा पीजी कालेज के प्रधानाचार्य रत्नेश पाण्डेय,वरिष्ठ पत्रकार राम उजागिर, वरिष्ठ पत्रकार विनय पाठक, उमाशंकर उपाध्याय, शिवप्रकाश श्रीवास्तव,रामकृष्ण जायसवाल,प्रमोद गौड़,सुवाष यादव, राकेश यादव,गौरव जायसवाल, मनोज त्रिपाठी,नितिन कसौधन,सौरभ जायसवाल, इरफान अहमद,विवेक कसौधन मधुरश्याम पोटर, नितिन जायसवाल, विजय पटवा, सूरज सिंह जायसवाल, जगदीश जायसवाल, हजारी जायसवाल, बबलू जायसवाल, सूरज जायसवाल, जगरनाथ प्रजापति, ओमप्रकाश, मिश्रा सहित सैकड़ों लोग रहे मौजूद।

सुभासपा कार्यकताओं ने बैठक कर जिला ईकाई का गठन करते हुए मजबूती पर चर्चा की

प्रखर फाजिलनगर। विकास खंड फाजिलनगर के बड़हरा चौराहा स्थित एक निजी आवास पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं का बैठक हुआ। जिसमें संगठन विस्तार सहित मजबूती पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाइकाई का विस्तार करते हुए राकेश राजभर को सुभासपा युवा मोर्चा का फाजिलनगर ब्लाक अध्यक्ष मनोनित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने कहा कि सुभासपा प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है जो आज राष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए उत्तर प्रदेश की सभी सीटे जीतेंगी। प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार सिंह प्रीतुल ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर राष्ट्रीय नेता बन चुके हैं वह हमेशा गरीब शोषित और वंचितों की हक की लड़ाई लड़ते हैं।

जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदीप कुमार राव ने कहा कि देश और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास और खुशहाली की गंगा बहा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा दिग्विजयनाथ यादव ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार गुंडे माफियाओं की संरक्षण देती थी। लेकिन आज एनडीए की योगी सरकार में जनता भयमुक्त और खुशहाल जीवन जी रही है। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष दिलावर राजभर, विधानसभा अध्यक्ष फाजिलनगर प्रिंस राजभर, विधानसभा अध्यक्ष तमकुही चंदन राजभर, प्रदीप कुमार शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान वीर सिंह, रामप्रवेश गुप्ता, रामायण गुप्ता, बाबूलाल, हरिहर, हरेंद्र, अखिलेश गुप्ता, राजू राजभर, वाल्मीकि गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

रामनगर मंडल ने किया टिफिन बैठक की तैयारी लोगों ने भरा जोश

प्रखर रामनगर वाराणसी। आगामी 31 को टिफिन बैठक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्षद लल्लन सोनकर के आवास पर बैठक हुआ मोदी द्वारा जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं जो कि आमजन के हित के लिए हैं आमजन इनका अधिक से अधिक फायदा उठाएं परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन करने से आत्मीयता बढ़ती है।संगठन पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए अजय प्रताप ने कहा हम सभी अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने पर जोर दे जिससे मोदी परिवार टिफिन बैठक शानदार ढंग से सम्पन्न हो सके। बैठक में मुख्य रूप से जिसमे प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह लल्लन सोनकर जी कामता पांडेय गौरव पांडेय प्रमोद उपस्थित थे।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड का किया गया वितरण

प्रखर कुशीनगर। शनिवार को रामकोला विकास खण्ड के ग्राम पंचायत देवरियाबाबू में भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कृषि विभाग के सहायक तकनीक प्रबंधक (ए०टी०एम०) मार्कण्डेय तिवारी द्वारा किसानो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया तथा किसानों को मिट्टी की जांच के अनुसार कौन से पोषक तत्व की कितनी मात्रा उनके कृषि भूमि में उपलब्ध है उसकी विधिवत जनकारी दी गई। वही यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने किसानों को मुख्य पोषक तत्व, सूक्ष्म पोषक तत्व तथा गौड पोषक तत्व के विषय में विस्तारपूर्वक बताया की यदि किसानों को अपने फसलों की अच्छी उपज प्राप्त करना है तो अपने खेतों में सभी पोषक तत्व प्रचूर मात्रा मे उपलब्ध करावें तभी उसका भरपूर लाभ उठा सकते है। इस मौके पर कृषक चेतई, सौरभ प्रताप सिंह,रामा, बाबूलाल, सुभाष गुप्ता,रविन्द्र, विजयप्रकाश, जयप्रकाश, प्रभावती देवी,जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल, 2024 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते हैं आवेदन : एडीएम

प्रखर संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने बताया है कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रमों की घोषणा किया जा चुका है। उक्त के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग हेतु समस्त अर्ह मतदाताओं से अपील किया है कि जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूटा गया है वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा ले, जिससे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अंतिम दिनांक 28 अप्रैल, 2024 तक आवेदन कर सकते है। जिससे समस्त अपचौरिकताएं पूर्ण कर उनका मतदाता सूची में नाम दर्ज किया जा सकें। उन्होंने बताया कि मतदाता बनने के लिए ऑफलाइन या ऑनलाइन दोनों तरीके से फार्म भर सकते है। पात्र नागरिक ऑनलाइन- के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते है तथा ऑफलाइन आवेदन में फार्म-06 भरकर संबंधित बी0एल0ओ0, मतदाता पंजीकरण केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय में भरकर जमा कर सकते है।

पीएनबी के जनरेटर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

पिंडरा। फूलपुर स्थित पीएनबी बैंक के जनरेटर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। जिसके चलते थोड़ी देर के लिए बैंकिंग कार्य बाधित रहा। घटना शनिवार की अपराह्न 3 बजे की बताई जा रही है। बताया जाता है कि अपराह्न 3 बजे फूलपुर बाजार के अंतिम छोर पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के जनरेटर में अचानक शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिससे बैंक में अफरा तफरी मच गई। बैंक कर्मी और ग्राहक बाहर निकल आये। उसके बाद बैंक कर्मियों ने पॉवर कट करते हुए जनरेटर की लाइन को अलग कर उस पर बालू व पानी फेंक कर आग पर काबू पाया। बैंक प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि जनरेटर में सम्भवत शार्ट सर्किट से आग लग गई थी लेकिन बैंक के अंदर कोई नुकसान नही पहुचा। लेकिन जनरेटर जल गया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं